संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    देहरादून, रविवार, 12 मई 2024 ₹ 1    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 130 पृष्ठ: 08    RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com    उत्तराखण्ड संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओडिशा में रैली को संबोधित करते हुए।

## हिंदुओं से नफरत करता है विपक्ष: मोदी

● कांग्रेस के शहजादा 'मोहब्बत की दुकान' लेकर निकले थे, लेकिन दुकान का बोर्ड अब दिखाई नहीं दे रहा: मोदी

**विपक्ष निशाने पर**

**▶▶ कांग्रेस हिंदू विरोधी है और उसे पता है कि धर्म आधारित आरक्षण असंवैधानिक है : पीएम मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**महबूबनगर:** कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी दल हिंदुओं और हिंदू त्योहारों से इतनी नफरत करता है कि अब रोज इसका पर्दाफाश हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हिंदुओं को अपने देश में दोयम दर्जे का नागरिक बनाना चाहती है। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस हिंदू विरोधी है और उसे पता है कि धर्म आधारित आरक्षण असंवैधानिक है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को तेलंगाना के महबूबनगर और महाराष्ट्र के नंदुरबार में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादा 'मोहब्बत की दुकान' लेकर निकले थे, लेकिन दुकान का बोर्ड अब दिखाई नहीं दे रहा है। वह समाज में जहर घोलने में जुट गए हैं। 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के समर्थक देश को टुकड़ों में बांटने की बात कर रहे हैं। मोदी ने कांग्रेस पर हिंदू आस्था को खत्म करने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे के अमेरिका में रहने वाले 'गुरु' (सैम पित्रोदा) ने कहा है कि राम मंदिर और राम नवमी उत्सव 'आइडिया आफ इंडिया' के खिलाफ है। भारत को हमेशा विदेशी चश्मे से देखने वाली कांग्रेस को आइडिया आफ इंडिया का अंदाजा ही नहीं है। आखिर क्या है- आइडिया आफ इंडिया? आइडिया आफ इंडिया ज्भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति का प्रतिबिंब है। आइडिया आफ इंडिया यानी सत्यमेव जयते, अहिंसा परमो धर्म:, वसुधैव कुटुंबकम। आइडिया आफ इंडिया मतलब सर्वपंथ समभाव, परोपकाराय सतां विभूतय:। आइडिया आफ इंडिया केवल मान्यताओं तक सीमित नहीं है। आज यह भारत की पहचान है..भारत की आवाज है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस भगवान कृष्ण के रंग वाले लोगों को अफ्रीकी कहती है। वे नहीं चाहते थे कि द्रौपदी मुर्मु भारत की राष्ट्रपति बनें।

क्या यह आदिवासियों का अपमान नहीं है? पीएम ने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा इतना खतरनाक है कि वह राम मंदिर निर्माण और रामनवमी समारोह को भारत के विचार के खिलाफ बताती है। वे कह सकते हैं कि मेरा मंदिर जाना भारत विरोधी है, जबकि यही लोग सरकारी इफ्तार का आयोजन करते हैं और आतंकवादियों की कब्रों को सजाते हैं।

### नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ना चाहती है: मोदी

**प्रधानमंत्री** मोदी ने राकांपा (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव गुट) को सलाह दी है कि वे लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस में विलय करके मरने के बजाय सीना तानकर अजित पवार और एकनाथ शिंदे के साथ आ जाएं। बड़े शान से सपने पूरे हो जाएंगे। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी शरद पवार का यह विचार सामने आने के बाद की है कि चुनाव के बाद कई छोटी पार्टियां कांग्रेस में विलय कर लेंगी।

## मोदी, शाह को पीएम बनाएंगे: केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 1 जून तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। कल केजरीवाल जेल से बाहर आए। जिसके बाद आज सीएम हनुमान मंदिर पहुंचे। उन्होंने अपनी पत्नी सुनीता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ कनॉट प्लेस में हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। आप कार्यालय में सीएम केजरीवाल ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जमकर भाजपा पर निशाना साधा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सबको मेरा प्रणाम। 50 दिन बाद सीधा जेल से आपके पास आया हूं, अच्छा लग रहा है। बजरंगबली की कृपा है। आप के शीर्ष नेताओं को जेल भेजा गया। आप कुचलने में पीएम ने कसर नहीं छोड़ी। मेरे को इन्होंने जेल भेज दिया। सबसे चोर लोगों को इन्होंने अपनी पार्टी में शामिल कर लिया।

**'योगी आदित्यनाथ की राजनीति खत्म करेगी भाजपा':** केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मानते हैं कि भाजपा को चुनौती आम आदमी पार्टी देगी। पीएम मोदी ने एक खतरनाक मिशन शुरू किया है और वो है वन नेशन वन लीडर। वो सभी देश के नेताओं को खत्म करना चाहते हैं, सारे विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल देंगे और सभी भाजपा के नेताओं को निपटा देंगे, उनकी राजनीति खत्म कर देंगेक मुझसे लिखवा लो- कुछ दिनों बाद ममता बनर्जी, स्टालिन, उद्धव ठाकरे, तेजस्वी यादव समेत विपक्ष के सभी नेता जेल में होंगे।

### मोदी शाह के लिए वोट मांग रहे हैं: सीएम

**केजरीवाल** ने कहा कि मैं 140 करोड़ लोगों का साथ चाहता हूं। इस देश को बचाना है। मैं लोकतंत्र को बचाना चाहता हूं। मैं मंत्री, मुख्यमंत्री बनने नहीं आया नौकरी छोड़कर यहां आया हूं। मेरा देश के लिए सबकुछ कुर्बान है। ये इंडिया गठबंधन से पूछते हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा? मैं भाजपा से पूछता हूं कि इनका प्रधानमंत्री कौन होगा? 2014 में मोदी ने खुद नियम बनाया था कि 75 साल की उम्र के बाद भाजपा नेता रिटायर हो जायेंगे। मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं।

### आदर्श विचार



"मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपत्ति नहीं है।"
- भगवत गीता

### मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

## राज्यपाल को इस्तीफा नहीं देने का कारण समझाना पड़ेगा: ममता

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हुगली में टीएमसी प्रत्याशी रचना बनर्जी के लिए चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर लगे छेड़छाड़ के आरोपों को लेकर उनकी आलोचना भी की। सीएम ने कहा कि उन्हें (आनंद बोस) यह समझाना चाहिए कि वह इस्तीफा क्यों नहीं देंगे। ममता बनर्जी ने आगे कहा कि जब तक सीवी आनंद बोस राज्यपाल रहेंगे, वह राजभवन में कदम नहीं रखेंगी। चुनाव प्रचार के दौरान ममता बनर्जी ने कहा, "राज्यपाल कहते हैं कि दीदीगिरी को बरदाश्त नहीं किया जाएगा। लेकिन मैं कहती हूं कि राज्यपाल महोदय आपकी दादागिरि यहां अब नहीं चलेगी।" उन्होंने आगे कहा, "सीवी आनंद बोस को यह बताना होगा कि उनके ऊपर लगे इस तरह के आरोपों के बाद उन्हें इस्तीफा क्यों नहीं देना चाहिए?" बता दें कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर एक महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। इस आरोप के बाद बंगाल की राजनीति में हलचल मच गई।

## टीडीपी और जनसेना भाजपा की बी टीम: राहुल

**रिमोट कंट्रोल**

**▶▶ भाजपा का मतलब बाबू (टीडीपी प्रमुख नायडू), जगन और पवन कल्याण) है : राहुल गांधी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**कडप्पा:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के कडप्पा में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और अन्य विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता ने इस दौरान भाजपा को भी घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा का मतलब बाबू (टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू), जगन और पवन (जनसेना संस्थापक पवन कल्याण) है। रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि तीनों नेताओं का रिमोर्ट कंट्रोल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास है।

**रैली में राहुल गांधी ने किया चंद्रशेखर रेड्डी का जिक्र:** पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पूरे आंध्र प्रदेश में राजशेखर रेड्डी की पदयात्रा उनकी भारत जोड़ो यात्रा के लिए प्रेरणा थी। कांग्रेस नेता ने कहा, "आज आंध्र प्रदेश को भाजपा की बी टीम चला रही है। भाजपा की बी टीम का मतलब बी से बाबू, जे से जगन और पी से पवन है।

## रक्षा क्षेत्र को अगले 10 वर्षों में 138 अरब डॉलर के ऑर्डर मिल सकते हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नोमुरा की ओर से जारी 'इंडिया डिफेंस' नामक एक रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा उपकरणों, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं की बढ़ती मांग के बीच भारत के रक्षा क्षेत्र को वित्त वर्ष 2024 से 2032 के दौरान 138 बिलियन अमरीकी डालर का आकर्षक ऑर्डर मिल सकता है।

## प्रज्ज्वल का पासपोर्ट रद्द करने के लिए कौन रोक रहा: जयराम

**घेरा**

**▶▶ जेडीएस के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने से कौन रोक रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रज्वल रेवन्ना मामले में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जेडीएस के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने से कौन रोक रहा है। बता दें कि यौन उत्पीड़न मामले में कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने राज्य सरकार को इस मामले की जांच के लिए एक चिट्ठी लिखी थी। लोकसभा चुनाव के बीच सोशल मीडिया पर हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना का अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद से ही कर्नाटक की राजनीति में हलचल मच गई। हासन में मतदान के दूसरे दिन ही प्रज्वल जर्मनी चले गए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सवाल किया कि प्रज्वल रेवन्ना को कैसे भागने दिया गया।

## पाक की गोलियों का जवाब तोप से देंगे: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबाद:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तेलंगाना में हुंकार भरी। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसके डर से कांग्रेस पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहती है।

**अमित शाह ने कांग्रेस को घेरा:** रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, "कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसलिए भारत को पीओके के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। परमाणु बम के डर से वे पीओके पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहते हैं। लेकिन आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। नरेंद्र मोदी फिर एक बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और इस बार पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप से दिया जाएगा।" अमित शाह ने इस दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को भी घेरा।

## जी20 में संयुक्त घोषणा का एलान करना संतोषजनक पल: जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि उनके जीवन का सबसे खास पल क्या था। वहीं उन्होंने दुनियाभर के देशों से संबंध गहरे होने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अगर उनके करियर का सबसे अच्छा और संतोषजनक पल जी20 शिखर सम्मेलन का समापन था, तो सबसे खास पिछले पांच वर्षों के दौरान अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, यूएई और जापान जैसे कुछ देशों के साथ गहरे होते संबंधों को देखना था।

**पिछले पांच सालों में इन संबंधों में काफी बदलाव आया:** जयशंकर ने कहा, 'पिछले पांच सालों में इन संबंधों में काफी बदलाव आया है। क्वाड के विकास को लेकर डेढ़ दशक पहले कोशिश की गई थी, लेकिन सफल नहीं हुए थे। दूसरी बार इसे आजमाया और वास्तव में यह काम कर गया।' जयशंकर ने कहा आज से 10 साल में विश्व के बारे में अपना नजरिया, भारत के समक्ष चुनौतियां और अपने कार्यकाल के तहत अंतरराष्ट्रीय जगत में देश के उभरते कद समेत कई मुद्दों पर बात की।

**स्थिति बदहाल** यमुनोत्री धाम में बुरे हाल, नीचे खाई-ऊपर जाम, मुंह से निकला हाय राम..

## यमुनोत्री धाम में यात्रा व्यवस्थाओं की पोल खुली



**टीम एक्शन इंडिया**

**बडकोट:** चार धाम यात्रा के पहले दिन यमुनोत्री धाम में यात्रा व्यवस्थाओं की पोल खुली है। सबसे अधिक परेशानी तीर्थ यात्रियों को पाली गाड़ से लेकर फूल चट्टी तक संकरी सड़क पर लगे लंबे जाम के कारण झेलनी पड़ी है। यहां जाम के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। एक ओर नीचे खाई थी तो दूसरी ओर संकरे मार्ग पर खचाखच भीड़ थी। जिसे देख लोग खौफ से भर गए। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है जो सच में डरा देने वाला है।

**पांच किलोमीटर लंबे पैदल मार्ग पर भी जाम :** दरअसल, जानकी चट्टी से यमुनोत्री धाम तक करीब पांच किलोमीटर लंबे पैदल मार्ग पर भी जाम की स्थिति बन रही है। यह मार्ग कई स्थानों पर बेहद ही संकरा है। गत शुक्रवार इस पैदल मार्ग पर लंबा जाम लगा था। जिसके कारण धाम में भी श्रद्धालु सही ढंग से दर्शन नहीं कर पाए।

**पार्किंग की व्यवस्था भी चरमराई:** यमुनोत्री धाम के सड़क पड़ाव स्थल जानकी चट्टी और खरसाली में पार्किंग की व्यवस्था भी चरमराई है। यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय व्यवसायों और तीर्थ पुरोहितों ने भी आक्रोश व्यक्त किया है। भाजपा के नेता एवं स्थानीय निवासी संदीप राणा ने कहा कि यमुनोत्री यात्रा व्यवस्था में लगे सभी विभाग मस्त, यात्रा अस्त-व्यस्त है। मंदिर समिति भी कोई ठोस व्यवस्था नहीं कर पा रही है। सही ढंग से यमुनोत्री में तीर्थ यात्रियों को दर्शन की व्यवस्था नहीं की जारी है। मंदिर समिति की जहां पर दुकानें हैं।




# चारधाम यात्रा: बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुलेंगे, तैयारी पूरी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई (रविवार) को प्रातः छह बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। चारधामों में से तीन धाम केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के मौके पर 10 मई को खुल चुके हैं। मंदिर समिति की ओर से बदरीनाथ के कपाट खुलने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हजारों की संख्या में तीर्थयात्री धाम पहुंच गये हैं। धाम में मौसम सर्द बना हुआ है।

कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत शनिवार पूर्वाह्न 11 मई को योग बदरी पांडुकेश्वर से श्री उद्धव और श्री कुबेर सहित आदि गुरुशंकराचार्य की पवित्र गद्दी और बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी के साथ गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा दोपहर को बदरीनाथ धाम पहुंची। लामबगड़, हनुमान चट्टी, बदरीनाथ मंदिर के निकट देवडोलियों का स्वास्तिवाचन और फूल वर्षा से

**जायजा**

**-बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र ने कपाट खुलने की तैयारियों का लिया जायजा ,10 मई को खुल चुके तीन धामों के कपाट**

स्वागत हुआ। कपाट खुलने के कार्यक्रम के अनुसार 12 मई सुबह चार बजे से मंदिर समिति पदाधिकारी,धर्माधिकारी वेदपाठी हक हकूक धारी मंदिर परिसर में मंदिर के द्वार पूजन को पहुंचेंगे।

बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से कपाट खुलने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। कपाट खुलने के अवसर के लिए बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश के सहयोग से पुष्पों से सजाया जा रहा है। रात्रि तक मंदिर को सजाने का कार्य चलता रहेगा। हजारों की संख्या में तीर्थयात्री श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गये हैं और भी तीर्थयात्रियों पहुंचने का क्रम



जारी है। दानीदाताओं की ओर से जगह-जगह भंडारे भी आयोजित हो रहे हैं।

बदरीनाथ में मौसम सर्द है और दूर पर्वतों पर बर्फ साफ नजर आ रही है। मंदिर के आसपास और सड़क की बर्फ गल चुकी है, दिन में धूप लगी हुई है।

बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ.हरीश गौड़ के मुताबिक कल सोमवार 12 मई को प्रातःपांच बजे से रावल धर्माधिकारी, वेदपाठी मंदिर द्वार पूजन करेंगे और कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। ठीक छह बजे मंदिर गर्भ गृह के भी द्वार खुलेंगे और मां लक्ष्मी गर्भ गृह से मंदिर परिक्रमा स्थित अपने मंदिर में विराजमान हो जाएंगी। कुबेर जी बामणी गांव से आकर मंदिर परिसर से उद्धव जी के साथ ही मंदिर गर्भगृह में स्थापित हो जाएंगे।

प्रातः छह बजे भगवान की चतुर्भुज मूर्ति से घृत कंबल की अलग कर अभिषेक पश्चात भगवान बदरीविशाल के श्रृंगार दर्शन होंगे और संपूर्ण बदरीश पंचायत उद्धव जी, कुबेर जी, नारद जी नर नारायण के दर्शन शुरू हो जायेंगे। बदरीनाथ धाम मंदिर परिक्रमा स्थित गणेश जी, घंटाकर्ण जी आदि केदारेश्वर जी आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर, माता मूर्ति मंदिर और तपोवन सुभाई (जोशीमठ) स्थित भविष्य बदरी मंदिर के भी कपाट इस यात्रा काल के लिए दर्शनार्थ खुल जायेंगे।

10 मई को नृसिंह मंदिर जोशीमठ में दर्शन पूजा-अर्चना पश्चात तेल कलश गाडू घड़ा यात्रा ने आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी और बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी के साथ योग बदरी पांडुकेश्वर पहुंचे थे। पांडुकेश्वर में रात्रि प्रवास के पश्चात आज 11 मई को योग बदरी पांडुकेश्वर से उद्धव जी और कुबेर जी सहित आदि गुरु शंकराचार्य की पवित्र गद्दी और बदरीनाथ धाम के रावल के साथ गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा सायंकाल को बदरीनाथ धाम पहुंच गयी है।

शनिवार को देवडोलियों के योग बदरी पांडुकेश्वर से बदरीनाथ पहुंचने पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार,स्वामी मुकुंदानंद महाराज,डिमरी केंद्रीय पंचायत अध्यक्ष /मंदिर समिति सदस्य आशुतोष डिमरी, सदस्य भास्कर डिमरी, वीरेंद्र असवाल डिमरी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीराम डिमरी धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल,वेदपाठी रविंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय और उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बदरीनाथ धाम में यात्रा और मंदिर दर्शन व्यवस्था के लिए मंदिर कर्मचारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिये।

इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी,मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, विवेक थपलियाल अवर अभियंता गिरीश रावत, जगमोहन बर्त्वाल,लेखाकार भूपेंद्र रावत, मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़, प्रबंधक अजय सती, भागवत मेहता,अनसुइया नौटियाल, योगंबर नेगी, हरीश जोशी, सत्येंद्र झिंक्वाण सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

इससे पहले मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने मंदिर दर्शन पंक्ति, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल, जनसुविधा, मंदिर कार्यालय वीआईपी प्रवेश मार्ग, वेटिंग रूम, मंदिर के सिंह द्वार परिसर का मौके पर निरीक्षण किया व्यवस्थाओं को सुचारु करने के निर्देश दिये। आईजी पुलिस गढ़वाल रेंज केएस नगन्याल, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, एसपी सर्वेश पंवार, उपजिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित ने यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

## न्यूज फ्लैश

### वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड की सब्सिडरी कंपनी ने यूरोपीयन रीजन में हासिल किया नया क्लाइंट विन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

टेक्नोलॉजी सॉल्युशन प्रोवाइडर स्पेस में एक प्रमुख कंपनी, आईटीक्यूब सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (वन प्वाइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी) ने यूरोपीयन रीजन में सफलतापूर्वक क्लाइंट विन हासिल किया है। यह एक प्रसिद्ध वैश्विक कंपनी है जो एडवांस एआई-ड्रिवेन टूल का उपयोग करके ब्रांड थ्रेअट्स से बचाव, ऑनलाइन चोरी, जालसाजी और इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी के उल्लंघन से लड़ने के लिए समाधान प्रदान करने में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी का एआई पॉवर्ड प्लेटफॉर्म डिजिटल प्लेटफार्मों पर उल्लंघन करने वाले कंटेंट का ऑटोमेटेड डिटेक्शन, लागू करने और हटाने की अनुमति देता है। न्यूयॉर्क, बार्सिलोना, बीजिंग और साल्ट लेक सिटी सहित वैश्विक उपस्थिति और स्केलेबल, लागत-प्रभावी सास सॉल्यूश देने वाला, हाल ही में अधिग्रहित ग्राहक इंडस्ट्री लैंडस्केप को पूरी तरह बदल रहा है।

ब्रांड के साथ समझौते की शर्तों के तहत, आईटीक्यूब को कॉपीराइट और इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी राइट्स के लिए डिटेक्शन और एन्फोर्समेंट को मैनेज करने का काम सौंपा गया है। आईटीक्यूब की विशेषज्ञता और नए ग्राहक के उन्नत एआई प्लेटफॉर्म के साथ मिलकर, यह साझेदारी ब्रांड्स और कॉपीराइट कंटेंट के अवैधानिक उपयोग के खिलाफ व्यापक सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैयार है। यह रणनीतिक गठबंधन आईटीसीयूब की अपने ग्राहकों के लिए सर्वश्रेष्ठ तकनीक से समाधान देने और इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी प्रोटेक्शन के क्षेत्र में अपनी सेवाओं को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसने असेट मैनेजमेंट सेक्टर में एक प्रमुख खिलाड़ी के साथ एक क्लाइंट-विन हासिल कर लिया है। इसी के साथ, वन पॉइंट वन ने देश के प्रमुख फिनटेक खिलाड़ी के लिए सीट कैपिसिटी में भी वृद्धि कर दी है रेजरपे (पेमेंट सॉल्यूशंस प्रोवाइडर) के साथ हुए समझौते के तहत, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस को एंड-टू-एंड मर्चेंट ओरिजिनेशन और सर्विसिंग का पूरा कार्य सौंपा गया है, जिसके लिए कंपनी की परिचालन क्षमता में 7 सीटों से बढ़ाकर अब 160 प्लस सीटों तक का प्रभावशाली विस्तार किया गया है। इनिशियल कांट्रेक्ट से यह उल्लेखनीय गुना वृद्धि वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस की सेवाओं की क्षमताओं और विश्वसनीयता में ग्राहक के विश्वास को दशार्ती है।

### बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने ग्रोथ और डिविडेंट पेआउट स्ट्रेटजी के साथ बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (बजाज फिनसर्व एएमसी) ने बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड स्कीम है जो निवेशकों को विविध निवेश अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। यह फंड उच्च लाभांश उपज देने वाली स्ट्रेटजी के साथ इक्विटी, गतिशील अवधि प्रबंधन के साथ ऋण, कमोडिटी और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) या इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) सहित विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में एक्सपोजर प्रदान करता है।बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में अलग-अलग आवंटन के साथ निवेश करता है। यह 35 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक इक्विटी आवंटन के साथ एक विविध पोर्टफोलियो बनाए रखता है और इसके साथ ही, यह लाभांश उपज रणनीति, मल्टी-थीम और मल्टी-सेक्टर दृष्टिकोण और मल्टी-कैप ओरिएंटेशन को नियोजित करता है। गुणवत्ता पोर्टफोलियो और सुरक्षा-प्रथम दृष्टिकोण पर जोर देते हुए, मैक्रो और मात्रात्मक इनपुट के साथ गतिशील अवधि प्रबंधन को नियोजित करते हुए, यह फंड फिक्स्ड इनकम इंस्ट्रूमेंट्स के लिए 10 प्रतिशत से 55 प्रतिशत आवंटित करता है। इसके अलावा, यह वस्तुओं के लिए 10 प्रतिशत से 55 प्रतिशत आवंटित करता है, गोल्ड ईटीएफ, सिल्वर ईटीएफ और एक्सचेंज-ट्रेडेड कमोडिटी डेरिवेटिव्स के लिए एक्सपोजर प्रदान करता है, जिससे अपसाइड पोटेंशियल ऑफर करता है और इक्विटी संबंधी अस्थिरता के मामलों में बचाव करता है।

## यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए म.प्र. और उ.प्र. के एक-एक श्रद्धालु की मौत



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**

चारधाम यात्रा को शुरू हुए अभी महज 24 घंटे का ही समय हुआ है। इस दौरान यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए म.प्र. और उ.प्र. के एक-एक श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। मध्य प्रदेश के सागर जिले के निवासी श्रद्धालु रामगोपाल (71) और उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की श्रद्धालु विमला देवी (69) की बीती देर शाम हृदयाघात से मौत हुई है। एसएचओ संतोष सिंह कुंवर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार शुक्रवार की शाम को अलग-अलग स्थानों पर हार्ट अटैक से श्रद्धालुओं की मौत हुई है। इन शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## छात्रों ने जन-जन को बताया जंगल का महत्व, दिया संदेश

**जागरूकता रैली**

**सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण को लेकर गांधी पार्क देहरादून से जन जागरूकता रैली निकाली गई**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

आदर्श औद्योगिक स्वायत्ता सहकारिता मिस्सरवाला (डोईवाला) देहरादून की ओर से शनिवार को वनाग्नि, वन्य जीव जन्तुओं की सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण को लेकर गांधी पार्क देहरादून से जन जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली के माध्यम से विभिन्न स्कूली विद्यालयों के छात्र-छात्राओं व एनसीसी कैडेटों ने जन-जन को




वनों में लगने वाली आग की रोकथाम व वन्य जीव जंतुओं की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इससे पहले अवस्थापना अनुश्रवण परिषद उत्तराखंड के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर ने रैली को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता लाकर ही वनों के साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। युवाओं को भी इस दिशा में आगे बढ़कर कार्य करना होगा। प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून नीरज कुमार शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

आदर्श संस्था की अध्यक्ष आशा कोठारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार के प्रयासों की सराहना की। वहीं शासन-प्रशासन की ओर से वनाग्नि की रोकथाम की दिशा में किए गए प्रयासों के अलावा आमजन से वनों को आग से बचाने व वन्य जीवों की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

इस दौरान रेंजर मालसी श्रुची चौहान, सचिव हरीश कोठारी, समाजसेवी गिरीश भट्ट, मनीष नारग, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रकाश कोठारी आदि थे।

## आयुष्मान के तहत अस्पतालों के बकाये के भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ : टोलिया

**आयुष्मान योजना**

**आयुष्मान योजना का 75 करोड़ का भुगतान लंबित है, इसका कारण पोर्टल में आई कमी है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक वीएस टोलिया ने बताया है कि आयुष्मान योजना का 75 करोड़ का भुगतान लंबित है, इसका कारण पोर्टल में आई कमी है। शनिवार को एक प्रश्न के उत्तर में निदेशक क्लेम



मैनेजमेंट राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण वीएस टोलिया ने बताया कि तीन माह से बकाया भुगतान लंबित था जिसकी भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

आयुष्मान योजना के अंतर्गत लंबे समय से भुगतान के लिए तरस रहे अस्पताल स्वामियों के लिए अच्छी खबर है। अटल आयुष्मान के तहत भारत सरकार के टीएमएस पोर्टल में दिक्कत आ रही थी। उसे अब दूर कर लिया गया है और लंबित 3 महीने के बकाया भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पिछले दो तीन माह से राज्य के कई अस्पतालों का 75 करोड़ के करीब का भुगतान नहीं हो पाया था। भुगतान न होने की वजह टीएमएस पोर्टल में तकनीकी खराबी बताई गई थी। अब तकनीकी दिक्कतें दूर कर दी गई है और भुगतान की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## मैजिक शो के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

**हरिद्वार**

दून कैम्ब्रिज स्कूल में मशहूर जादूगरनी नैना ने अपने स्टॉफ सहित स्कूल के बच्चों को जादू के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल ही जीवन है, शिक्षा है जरूरी, जैसे कई मुद्दों पर जादू के माध्यम से जागरूक किया।

इस दौरान स्कूल की अकेडमिक हेड अर्पिता चटर्जी ने कहा कि जादू की कला भारत देश की प्राचीन कला होने के साथ-साथ मनोरंजन का भी एक बेहतरीन माध्यम है। और स्कूलों में मैजिक शो के माध्यम से छात्रों में दिमागी दक्षता बढ़ने में भी मदद मिलती है।

## वानग्नि पर अपनी पीठ थपथपा रही सरकार : सूर्यकांत धस्माना



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि राज्य के अनेक हिस्सों में हुई वर्षा और बर्फबारी के कारण वनाग्नि की घटना में कमी आई है लेकिन सरकार अपनी अपनी पीठ थपथपा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से वनाग्नि प्रकरण पर आपदा प्रबंधन विभाग की जवाबदेही तय करने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष धस्माना ने शनिवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में राज्य के अनेक हिस्सों में हुई वर्षा और बर्फबारी के कारण वनाग्नि में कुछ हद तक काबू पा लिया गया। इसमें सरकार आपदा प्रबंधन विभाग या वन विभाग की कोई बहुत बड़ी भूमिका नहीं है। इसलिए सरकार को अपनी पीठ थपथपाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकारी सिस्टम की घोर लापरवाही के कारण राज्य का डेढ़ हजार हेक्टेयर जंगल पहले ही इस वर्ष की वानग्नि में राख हो चुका है। इसके कारण अन्य पर्यावरणीय समस्याएं खड़ी होंगी, जिसमें जल स्त्रोतों का सूखना और कार्बन उत्सर्जन के कारण ग्लेशियरों का पिघलना और रैणी जैसी आपदाओं के आने की संभावनाओं का प्रबल होना है।

उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि इस बार वनाग्नि में पिछले वर्षों की तुलना में बहुत अधिक नुकसान हुआ है। किंतु आपदा प्रबंधन सचिव कहीं नजर नहीं आए, जिससे यह पता चलता है कि उनको न तो राज्य की कोई चिंता है और न ही सरकार की कोई परवाह है।

## किरायेदार ही निकले लूट के साजिशकर्ता, दो आरोपित गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

डोईवाला में किरायेदार ने ही लूट की घटना को अंजाम दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। घटना करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार के साथ पुलिस ने लूटी हुई स्कूटी, गहने और अन्य सामान बरामद किया है।

बुजुर्ग महिला को घर में अकेले देखकर आरोपितों ने इस लूट की घटना को अंजाम दिया है। बुजुर्ग महिला से उसकी चेन, पर्स, घर में रखी स्कूटी लूट कर ले गए थे। दोनों आरोपित पुताई का काम करते हैं और कर्ज उतारने के लिए ऐसी घटना की है। राजेन्द्र सिंह



बिष्ट पुत्र शेर सिंह बिष्ट निवासी नागल ज्वालापुर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह अपने परिजनों के साथ एक समारोह मे बाहर गये थे,जब कार्यक्रम से वापस आये तो उनकी माता घायल अवस्था में घर के आंगन में पड़ी थीं, जिनको उन्होंने उठाया। जानकारी करने पर उनकी माता ने बताया कि रात्रि समय करीब 23.00 बजे 02 व्यक्ति , जिन्होंने अपने मुंह पर रुमाल बांधा था। छत के रास्ते से घर में आये और उन्हें अकेला देखकर उन पर हमला कर दिया। उनसे छीना झपटी कर उनके गले से एक सोने की चेन, एक छोटा पर्स (जिसमें कुछ रुपये थे) छीनते हुए घर के आंगन में खड़ी स्कूटी नम्बर यूके07 वीवी- 8066 को भी उठाकर ले गए। उनकी मां ने घर पर रह रहे किरायेदारों मनीष और भरत पर उक्त घटना कारित करने का शक जाहिर किया गया, जो घटना के बाद से ही घर से गायब हो हैं।

## अहंकार को कम करने के लिये आत्मनिरीक्षण ही आधाशिला : स्वामी चिदानन्द

**देहरादून/ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि अहंकार को कम करने के लिये आत्मनिरिक्षण ही आधाशिला है। श्रीमद् कथा हमें जीवन के भवसागर से पार लगाती है। चाहे वह जीवन की समस्याओं का, संबंधों का या विचारों का भंवर हो प्रभु नाम सारे भंवरों से पार लगाकर एक आशा का किनारा प्रदान करता है। शनिवार को परमार्थ निकेतन में स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने श्रीमद्भागवत कथा के समापन के अवसर पर गुजरात सहित भारत के अन्य राज्यों से आये भक्तों व श्रद्धालुओं से यह विचार व्यक्त किया। उन्होंने विश्व अहंकार



दिवस के अवसर पर अहंकार के विषय में जागरूक करते हुए कहा कि हमारे ही विचारों की साजिश कि ह्ल्हमैं ही सर्वश्रेष्ठ हूँह्ल्ह को हमारे सामने लाने और उसे माइक्रोस्कोप की तरह सूक्ष्मता से परखने का अवसर आज का दिन हमें देता है। कई बार हमें पता ही नहीं चलता कि हमारा अहंकार देखते ही देखते कितना बड़ा हो जाता है जो हमारे कार्यों व रिश्तों को भी प्रभावित करता है। आज का दिन हमें यह अवसर देता है कि क्या वास्तव में मैं जो सोच, बोल और कर रहा हूँ यह मैं या मेरा अहंकार कर रहा है? इस पर चिंतन करना बहुत जरूरी है ताकि हम अपने दृष्टिकोण और व्यवहार के प्रति सचेत रह सके।

स्वामी चिदानंद ने कहा कि आज का दिन हमें एक अवसर प्रदान करता है कि अब हम एक कदम पीछे हट कर अपने भीतर रहने वाले अहंकार की जांच करें और विश्व को नई दृष्टि से देखें। वास्तव में यह एक छोटा सा विचार है परन्तु इस पर गौर किया जायें तो यह हम सब की विश्व बदल देगा और हमारे जीवन को सौम्य व सरल बना देगा। जैसे ही हम अपने अहंकार पर ध्यान देने लगेंगे जीवन से तनाव कम होने लगेगा और दूसरों के प्रति सहानुभूति और समझ में भी वृद्धि होगी।

स्वामी ने कथा व्यास यग्नेश भाई ओझा और भलाला यजमान परिवार को आशीर्वाद स्वरूप रूद्राक्ष का पौधा भेंट किया। श्रीमद् भागवत कथा में प्रवीण भाई भलाला, यज्ञ भाई और सूरत, गुजरात से आये भलाला परिवार ने परमार्थ निकेतन के दिव्य वातावरण में सात दिनों तक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण, गंगा स्नान, योग, ध्यान, सत्संग व विभिन्न आध्यात्मिक गतिविधियों में सहभाग किया। सभी ने इस दिव्य वातावरण में कथा श्रवण करने का अवसर प्रदान करने के लिए स्वामी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## अवैध अतिक्रमण को लेकर निगम सख्त, चस्पा किए गए नोटिस

**सख्त रुख**

**निगम की ओर से बस्तियों में सरकारी भूमि पर बने 525 मकान चिह्नित कर नोटिस चस्पा किए गए हैं।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

शहर में अवैध अतिक्रमण को लेकर नगर निगम प्रशासन सख्त रुख अख्तियार करेगा। निगम की ओर से बस्तियों में सरकारी भूमि पर बने 525 मकान चिह्नित कर नोटिस चस्पा किए गए हैं। अतिक्रमण हटाने को लेकर 15



मई तक का समय दिया गया।

देहरादून नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि लोगों को अतिक्रमण हटाने का मौका दिया जा रहा है। ऐसी लोगों से 15 मई तक स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। फिर भी वो अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो गठित टास्क फोर्स जिला प्रशासन के साथ संयुक्त अभियान चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि 11 मार्च 2016 के बाद सरकारी जमीन पर बने भवनों को चिन्हित करने के लिए टास्क फोर्स गठित की गई थी। टास्क फोर्स की ओर से मौके पर जाकर सर्वे किया गया है।

27 बस्तियों में करीब 525 भवन चिन्हित किए गए। इनमें से 89 मकान निगम,12 मकान नगर पालिका मसूरी,415 मकान एमडीडीए व 9 मकान राज्य सरकार की भूमि पर बने हैं।

# ब्रिटिश काल की फायर लाइन को पुनर्स्थापित करने की तैयारी, विदेशी मॉडल के अध्ययन का निर्णय

**समावेशी प्लान**

**- जंगलों को बचाने में एड़ी-चोटी का जोर, आग की रोकथाम के लिए बनेगा समावेशी प्लान**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड सरकार अब ब्रिटिश काल की फायर लाइन को पुनर्स्थापित करने की तैयारी में है। राज्य सरकार का मानना है कि फायर लाइन से जंगलों को वनाग्नि से काफी हद तक बचाया जा सकेगा। साथ ही जनसहभागिता के साथ ग्रामीणों को वन-जंगल के प्रति जुड़ाव महसूस कराया जाएगा। कुल मिलाकर अब वनाग्नि से निपटने के लिए सरकार की तैयारी पुख्ता होगी।
हर साल आग से जंगलों को बचाने में वन विभाग, प्रशासन और सरकार को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ता है। इसके बावजूद भी इस पर नियंत्रण पाना आसान नहीं होता है। इसलिए अब राज्य सरकार ने इस आपदा से निपटने के लिए विभिन्न मॉडलों का अध्ययन करने का निर्णय लिया है। ताकि समय रहते वनों में होने वाली विभीषिका को रोका जा सके।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर इस बार देश के साथ विदेशों के विकसित मॉडल का वन विभाग अध्ययन करेगा और जरूरत के अनुसार अपने प्लान में उसे समावेश करेगा। हालांकि शासन-प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत वनाग्नि को नियंत्रण में झोंक दी है। मानव संसाधन भी वनाग्नि को रोकने में जुटा हुआ है। वनाग्नि नियंत्रण में सभी संबंधित विभागों यथा आपदा प्रबंधन, फायर सर्विसेज आदि कार्मिकों का सहयोग लिया जा रहा है। एनडीआरएफ, भारतीय वायुसेना की भी मदद ली जा रही है। इसके बावजूद भी वनाग्नि को रोकना मुश्किल साबित हुआ।
मुख्यमंत्री धामी की भी वनाग्नि पर सीधी नजर है। उन्होंने वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम और कार्मिकों के मनोबल को बनाए रखने के लिए उच्चाधिकारियों को भी फील्ड में उतारा है। पीसीसीएफ (हॉफ) और एपीसीसीएफ वनाग्नि व आपदा प्रबंधन के अधिकारी लगातार फील्ड ऑपरेशन का स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। वनाग्नि नियंत्रण के लिए निरंतर समीक्षा व मॉनिटरिंग बैठक की जा रही है। वनाग्नि के संबंध में गलत आंकड़ों का दुष्प्रचार करने वालों पर भी सरकार की नजर है।
ऐसे लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
**वनाग्नि नियंत्रण में रिस्पांस टाइम कम करने की कोशिश-**
रिस्पांस टाइम कम करने के लिए एफएसआई से प्राप्त फायर अलर्ट को तत्काल सम्बन्धित व्हाट्सएप ग्रुप्स में डालकर क्रू टीम को उसी समय घटनास्थल पर भेजा जा रहा है। एफएसआई से मिले फायर एलर्ट की विशेष मॉनिटरिंग कर वनाग्नि को कम से कम समय में नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है।
**प्रोत्साहन, पुरस्कार व बजट आंवटन से वनाग्नि नियंत्रण के प्रयासों को मिली गति-**
राज्य में सक्रिय वन पंचायतों, वनाग्नि प्रबंधन समितियों, महिला मंगल दलों, युवा मंगल दलों को जागरूक करके तथा उत्तरदायी बनाकर गांवों के नजदीक जंगली इलाकों में वनाग्नि नियंत्रण में सफलता मिली है। वनाग्नि नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक संस्थाओं व फील्ड अधिकारियों को प्रोत्साहन, पुरस्कार व तत्काल बजट आंवटन से वनाग्नि नियंत्रण के प्रयासों को एक नई गति मिली है।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष ने कराई गरीब की बेटी की शादी

**आर्थिक सहयोग**

**परिवार ने विवाह के लिए धनराशि एकत्र की थी जो कि आग में जलकर राख हो गई थी**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने एक निर्धन परिवार की बेटी का विवाह कराने में विशेष आर्थिक सहयोग किया। पिछले दिनों शिवाजी नगर वार्ड 24 में भीषण अग्निकांड हुआ था, जिसमें कई परिवार के घर जल गए थे।
भाजपा महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ, उमेश अग्रवाल ने सभी परिवारों से मिलकर उनकी स्थिति का जायजा लिया था। तभी मौके पर रविंद्र साहनी के परिवार,जिसमें उनकी बेटी का विवाह होना था। परिवार ने विवाह के लिए धनराशि एकत्र की थी जो कि आग में जलकर राख हो गई थी।
महानगर अध्यक्ष के इस बात को लेकर उनके परिवार के प्रति संवेदना रखते हुए उनकी बेटी सकीना का विवाह मोनी साहनी से करवा कर दोनों जनों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी।
इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष विशाल कुमार, पूर्व सभासद मुरली शर्मा, जितेंद्र मिश्रा, दशरथ सनी, तुलसी साहनी,रणजीत सिंह, राजेश दास, संजय वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि, हरि सिंह, अनूप दयाल, राकेश कोटियाल आदि स्थानीय क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को लेखन सामग्री वितरित की गई



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा वार्ड 35 राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरस्वती नगर में स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र और छात्राओं को दानदाताओं के सहयोग से लेखन सामग्री वितरित की गयी।
इस अवसर पर मीनू गोयल चौधरी ने कहा कि यह संगठन निरंतर निस्वार्थ भाव से जन सेवा में लगा रहता है। संगठन के सभी सदस्य भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यह संगठन निरंतर सामाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इसका हिस्सा बनने का सौभाग्य मुझे भी प्राप्त होता रहता है। वैभव गोयल ने कहा कि संगठन का कार्य वास्तव में सराहनीय है। बच्चों के लिए वह हर वह सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश करते हैं, जिससे बच्चों के भविष्य में कोई बाधा ना आए और वह अपनी पढ़ाई पूरी कर सके।
इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन, राजकुमार तिवारी, विशंभर नाथ बजाज, माधवी शर्मा, प्रीति थपलियाल, पूनम रानी, मीरा शर्मा, पाखी आदि लोग उपस्थित थे।

# संतुलन बनाकर एमेजॉन में सफल हो रही हैं वर्किंग मदर, धनुषा मंत्राला

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मदर्स डे माँओं और माँ जैसी अन्य महिलाओं को सम्मानित करने के लिए एक विशेष अवसर है, जो अपने बच्चों के पालन-पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आज की व्यस्त दुनिया में ऐसी कई माँएं हैं, जो घर की जिम्मेदारियों और करियर के मांग के बीच बेहतरीन संतुलन बना रही हैं। वो अपने परिवारों की देखभाल करने के साथ ही काम में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं। इन प्रेरणाप्रद माँओं में से एक हैं धनुषा मंत्राला, जो एक तीन साल के बेटे की माँ और एमेजॉन इंडिया में प्रोग्राम मैनेजर हैं।

# मलिन बस्ती के लोगों को परेशान नहीं करने देगी कांग्रेसः जोशी

**आर्थिक सहयोग**

**क्षेत्र की जनता ने उन्हें प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण कराने की मांग की।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नवीन जोशी ने कहा कि भाजपा शासन काल में मलिन बस्तियों के लोगों को अनावश्यक रूप से अतिक्रमण के नाम पर परेशान किया जा रहा है, जिसके कारण वहां की गरीब जनता बेघर हो रही है।
जोशी शनिवार को जनसंवाद से जनसमर्थन कार्यक्रम के तहत धर्मपुर विधानसभा के अन्तर्गत देहराखास टीएचडीसी कॉलोनी में कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने स्थानीय लोगों से जनसम्पर्क कर कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा और क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुना।
उन्होंने कहा कि जब-जब राज्य में भाजपा की सरकार रही तब-तब विकास कार्य बाधित होते रहे हैं। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने उन्हें प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण कराने की मांग की।
कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता आशीष नौटियाल, गोपाल सिंह गडिया, ट्विंकल अरोड़ा, कैलाश ठाकुर, अर्जुन कपूर, नवीन सलूजा, प्रिया सलूजा, सोनू सिंह, कल्पना शर्मा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

# बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने ग्रोथ और डिविडेंट पेआउट स्ट्रेटजी के साथ बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (बजाज फिनसर्व एएमसी) ने बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड स्कीम है जो निवेशकों को विविध निवेश अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। यह फंड उच्च लाभांश उपज देने वाली स्ट्रेटजी के साथ इक्विटी, गतिशील अवधि प्रबंधन के साथ ऋण, कमोडिटी और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) या इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) सहित विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में एक्सपोजर प्रदान करता है।
बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में अलग-अलग आवंटन के साथ निवेश करता है। यह 35 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक इक्विटी आवंटन के साथ एक विविध पोर्टफोलियो बनाए रखता है और इसके साथ ही, यह लाभांश उपज रणनीति, मल्टी-थीम और मल्टी-सेक्टर दृष्टिकोण और मल्टी-कैप ओरिएंटेशन को नियोजित करता है। गुणवत्ता पोर्टफोलियो और सुरक्षा-प्रथम दृष्टिकोण पर जोर देते हुए, मैक्रो और मात्रात्मक इनपुट के साथ गतिशील अवधि प्रबंधन को नियोजित करते हुए, यह फंड फिक्स्ड इनकम इंस्ट्रूमेंट्स के लिए 10 प्रतिशत से 55 प्रतिशत आवंटित करता है। इसके अलावा, यह वस्तुओं के लिए 10 प्रतिशत से 55 प्रतिशत आवंटित करता है, गोल्ड ईटीएफ, सिल्वर ईटीएफ और एक्सचेंज-ट्रेडेड कमोडिटी डेरिवेटिव्स के लिए एक्सपोजर प्रदान करता है, जिससे अपसाइड पोटेंशियल ऑफर करता है और इक्विटी संबंधी अस्थिरता के मामलों में बचाव करता है। इसके अलावा, फिक्स्ड इनकम, डायवर्सिफिकेशन और अवसरवादी दृष्टिकोण के लिए निवेश पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह फंड आरईआईटी या इनविट को 0 प्रतिशत से 10 प्रतिशत आवंटित कर सकता है।
प्रोडक्ट लॉन्च के मौके पर, बजाज फिनसर्व एएमसी के सीईओ, गणेश मोहन ने कहा कि बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड निवेशकों को एक ही निवेश के जरिये कई परिसंपत्ति वर्गों तक पहुंचने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।
यह भारत का पहला मल्टी एसेट फंड है जो लाभांश देने वाली रणनीति प्रदान करता है। इस रणनीति का उद्देश्य निवेशकों को स्थिरता देना और उनका विकास करना है।

# ममगांई मंडी लोकसभा सीट में उम्मीदवार कंगना रनौत के लिए करेंगी प्रचार

**प्रचार-प्रसार**

**अनिता ममगाई ने कहा कि उन्हें पार्टी ने जो दायित्व सौंपा है, उसका मैं बखूबी निर्वहन करूंगी।**





**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत ऋषिकेश की पूर्व महापौर अनिता ममगाई लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हो गयी हैं। वे मंडी लोकसभा सीट में पार्टी उम्मीदवार सिने अभिनेत्री कंगना रनौत (राणावत) के लिए चुनाव में प्रचार करेंगी। मंडी के रामपुर विधानसभा सीट में भी उनको प्रचार प्रसार के लिए दायित्व मिला है।
इस दौरान अनिता ममगाईं ने कहा कि उन्हें पार्टी ने जो दायित्व सौंपा है, उसका मैं बखूबी निर्वहन करूंगी।
उन्हें उम्मीद है कि मंडी में पार्टी उम्मीदवार कंगना रनौत भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगी। उन्हें रामपुर विधानसभा सीट में काम करने का मौका मिला है। केंद्र सरकार की जनकल्याण नीतियों को हम आम जन के बीच ले जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को विकास की ऊंचाई पर ले गए हैं। देश विदेश में भारत का नाम रोशन हुआ है। वे आम जन और निर्धन लोगों के लिए कई जनकल्याण नीतियां लाये हैं। उनकी नीतियों से करोड़ों लोग लाभांवित हुए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आयुष्मान योजना, मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना और अन्य कई सारी योजनाएं लागू की गईं। उनसे आम जन काफी खुश हैं। ऐसे में हम लोगों के बीच इन योजनाओं को लेकर जाएंगे और लोगों को बताएंगे। विदेशों में भारत की साख आज बहुत मजबूत हुई है। हम भारतीय जनता पार्टी के आम कार्यकर्ता हैं। पार्टी जो दायित्व देगी, उसे निभाएंगे।
गौरतलब है कि हिमाचल में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में मतदान है। एक जून को मतदान होगा। हिमाचल प्रदेश में चार संसदीय क्षेत्र हैं। इनमें कांगड़ा, मंदिर, हमीरपुर और शिमला है।
रामपुर विधानसभा सीट एक नजर-
रामपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हिमाचल प्रदेश विधानसभा के 68 निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। शिमला जिले में स्थित यह निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2021 में इस क्षेत्र में कुल 74,117 मतदाता थे।
इस दौरान उनके साथ उत्तराखंड से भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रभारी महिला मोर्चा आईटी सेल अंजलि रावत नेथानी भी गयीं हैं।

# उत्तराखंड में लगे भूकंप के झटके, दहशत


**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में शनिवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप का केंद्र बागेश्वर जिला रहा। इसकी तीव्रता 2.8 रिक्टेयर मापी गई है। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई।
उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र में जोशीमठ से 40 किलोमीटर के रेंज में शनिवार को दोपहर लगभग 12 बजकर 14 मिनट 20 सेकेंड पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गई है।

# संतों की वाणी से साधकों को सद्ज्ञान की प्राप्ति होती है:स्वामी



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीगीता विज्ञान आश्रम के परम अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि संतों की वाणी से साधकों को सद्ज्ञान की प्राप्ति होती है और संतों के सानिध्य में रहने वाला साधारण व्यक्त नहीं होता है। परमात्मा सर्वत्र विद्यमान है और गुरु वह आंख है जो परमात्मा को देखने की शक्ति प्रदान करता है।
वे आज विष्णु गार्डन स्थित श्री गीता विज्ञान आश्रम में अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में आयोजित वेदांत सम्मेलन को अध्यक्षीय पद से संबोधित कर रहे थे। वेदांत के सिद्धांतों की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि सद्गुरु का मिलना ही परमात्मा का मिलन है और निष्काम कर्म योग ही मुक्ति का माध्यम है। अक्षय तृतीया को ज्ञान और दान को अक्षय बनाने का दिवस बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का ज्ञान अक्षय हो जाता है उसका संपूर्ण जीवन सार्थक बन जाता है।
श्री गुरुमंडल आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी भगवत स्वरूप ने ब्रह्म की व्याख्या करते हुए कहा कि ब्रह्म दिखाई देने की वस्तु नहीं है, जबकि इंद्रियों का निर्माण प्रकृति से होता है। परमात्मा को सर्वव्यापी बताते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा सबको देखता है और भेद साधना में है साध्य में नहीं, क्योंकि निष्कामता ही परमात्मा है। सद्गुरु के सानिध्य को जीवन का स्वर्ग बताते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना ने यह सिद्ध कर दिया कि व्यक्ति जिनके संपर्क में रहता है उसके गुण उसके अंदर समाहित हो जाते हैं।
उन्होंने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शस्त्र और शास्त्र की एक ही राशि है, शस्त्र का काम काटना है।

# पीआरएसआई ने जनसम्पर्क में टेक्नालॉजी विषय पर किया वेबिनार




**सोशल मीडिया**

**तमाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग सूचनाएं साझा करने में किया जा सकता है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के देहरादून चैप्टर ने शनिवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर जनसम्पर्क में टेक्नालॉजी विषय पर वेबिनार आयोजित किया।
इस अवसर पर यूकॉस्ट में संयुक्त निदेशक (साइंस एंड टेक्नोलॉजी) देवी प्रसाद उनियाल ने कहा कि पब्लिक रिलेशन में टेक्नोलॉजी का महत्व विशेष है क्योंकि यह व्यक्ति और समाज के बीच संचार को सुगम और तेज बनाता है। इसके माध्यम से हम विभिन्न क्षेत्रों में जानकारी, विचार और अनुभव साझा कर सकते हैं, जो सामाजिक संबंधों को मजबूत करता है। साइंटिफिक एप्रोच को बढ़ावा देने में स्कूल और कॉलेज महत्वपूर्ण हैं। तकनीकी विशेषज्ञ आईटीडीए आलोक तोमर ने कहा कि टेक्नोलॉजी बहुत ही विस्तृत क्षेत्र है। पूरी दुनिया टेक्नोलोजी के माध्यम से आपस में जुड़ी है। आज के जमाने में विभिन्न योजनाओं और सूचनाओं की जानकारी आमजन तक तुरंत पहुंचाई जा सकती है। बिना टेक्नोलॉजी के जनसंपर्क के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता है। तमाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग सूचनाएं साझा करने में किया जा सकता है।

# भारतीय मजदूर संघ ने उठाया श्रमिकों के न्यूनतम वेतन का मामला



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय मजदूर संघ, हरिद्वार इकाई ने श्रमिकों के न्यूनतम वेतन और अन्य सुविधाओं का मामला उठाते हुए उनके शोषण के लिए श्रम अधिकारियों को चेताया।
भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई ने शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मजदूर सलाहकार बोर्ड के परामर्श पर प्रदेश सरकार ने मजदूरों, श्रमिकों के लिए जो 25 प्रतिशत की न्यूनतम वेतन की घोषणा की थी। उसे दो महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक कई उद्योगों के तरफ से उसका पालन नहीं किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ ने कड़े संघर्ष के बाद शासन से मजदूरों, श्रमिकों के हितों के लिए सरकार से यह मंजूरी हासिल की है, लेकिन देखा जा रहा है कि कई उद्योग घराने मजदूरों को न्यूनतम वेतन नहीं दे रहे हैं।
उन्होंने न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 का हवाला देते हुए कहा कि इस एक्ट में हर पांच वर्षों में न्यूनतम वेतन की बढ़ोत्तरी सरकार करती है। अधिकांश औद्योगिक घराने न्यूतम वेतन वृद्धि और अन्य सुविधाओं के नाम पर सरकार से सब्सिडी तो ले रहे हैं, लेकिन अपने यहां काम करने वाले श्रमिकों को इसका लाभ नहीं दे रहे हैं। इतना ही नहीं ट्रेनिंग के नाम पर उद्योगों में काम कर रहे ट्रेनी श्रमिकों से मशीनों पर पूरा पूरा काम लिया जा रहा है,जिसके चलते दुर्घटना की स्थिति में यही उद्योग श्रमिकों को नियमों की आड़ लेकर मुआवजा तक नहीं देते।
**श्रम अधिकारियों की मिलीभगत-**
उन्होंने पत्रकारों के समक्ष श्रमिकों के साथ हो रहे अन्याय का आरोप लगाते हुए कहा कि आज श्रमिकों की सुनवाई श्रम कार्यालय में तैनात अधिकारियों की तरफ से नहीं की जाती बल्कि फैक्टरी मैनेजमेंट के साथ मिलकर श्रम अधिकारी श्रमिकों का जमकर उत्पीड़न कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने उद्योगपतियों से श्रम अधिकारियों की मिलीभगत बताया।
**ईएसआईसी और पीएफ लाभ से भी कई वंचित-**
उन्होंने कहा कि ईएसआईसी और पीएफ के लाभ से भी श्रमिकों को वंचित रखा जा रहा है, जिससे उनके इलाज और पेंशन की व्यवस्था भी नहीं हो पाती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जो उद्योग न्यूनतम वेतन नहीं दे रहे हैं, ऐसे उद्योगों को चिह्नित कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाए और ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाये जो प्रबंधन के साथ मिलकर श्रमिकों का उत्पीड़न करते है।
इस दौरान ललित पुरोहित, बीएमएस के जिला मंत्री, प्रदेश महामंत्री, पवन शर्मा भारतीय मजदूर संघ, नरेश रावत सदस्य न्यूनतम मजदूरी सलाहकार बोर्ड, शोलन कुमार, राजवीर सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, पीयूष अग्रवाल आदि कई सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) | टेंडर नं. | T-02-TRD-MB-24-25 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल में पेड़ की शाखाओं की ट्रिमिंग फेज–4 | | |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.06.2024 को 15:00 बजे | | |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹39,70,127.52 (including GST) | | |
| बिड सिक्योरिटी राशि (₹) | ₹79,400/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य(₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 45 days | | |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 09 Months | | |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद | | |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2024-25/TN-04 दिनांक 11.05.2024 1433/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता

**आज स्त्री** के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है।

समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है।

# हाशिये पर जाती बहुजन समाज पार्टी

आर.के. सिन्हा

> सभी को यह हैरान करता है। रोपड़ बसपा के संस्थापक कांशी राम का यह अपना शहर है। इधर ही उनका बचपन बीता,इधर के ही सरकारी कॉलेज से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। आप चाहें तो और हैरान हो सकते हैं कि उनके कॉलेज के आसपास भी बसपा का कोई झंडा तक दिखाई नहीं दिया। कुल मिलाकर यहां पर आकर चिराग तले अंधेरे वाली कहावत सच साबित होती दिखी। आखि?ी पंजाब के चुनावी समर में भी बसपा या कांशीराम की कोई भारी-भरकम उपस्थिति रोपड़ या पंजाब में क्यों नजर नहीं आ रही? पंजाब के कुछेक समाज शास्त्रियों से बातचीत के बाद हमें अपने सवाल का जवाब मिला। इन सभी की राय थी कि चूंकि पंजाब में सिख धर्म और आर्य समाज के प्रभाव के चलते दलितों को उस तरह से सामाजिक स्तर पर प्रताडित नहीं होना पड़ा

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपनी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के पद से हटा दिया है। छह महीने पहले ही उन्होंने आकाश को धूम - धाम से अपना उत्तराधिकारी भी घोषित किया था। उन्होंने कहा कि आकाश तब तक उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी नहीं बन सकते , जब तक वे "पूरी तरह परिपक्व" नहीं हो जाते। आकाश आनंद बीते उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के शुरूआती दो चरणों में बसपा के प्रचार अभियान का मुख्य चेहरा थे। उनके भाषणों में भाजपा और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखे हमले किए गए थे। अप्रैल में सीतापुर में एक चुनावी रैली के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया था। मायावती को लगता है कि ये भाषण पार्टी द्वारा निर्धारित नियमों और नीतियों से भटक गए थे। मायावती के इस तरह के अचानक फैसले पहले भी देखे गए हैं। लेकिन महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इसका पार्टी और उनके दलित आंदोलन पर क्या असर होगा। बसपा के संस्थापक कांशी राम ने अपने परिवार को पार्टी से दूर रखा था और मायावती को उनके नेतृत्व कौशल के कारण ही अपना उत्तराधिकारी चुना था। इस रणनीति ने पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में अपने दम पर सत्ता दिलाई, जहाँ दलित समाज आबादी का लगभग 21% हिस्सा हैं। हालांकि, मायावती बसपा को एक व्यापक बहुजन समाज की पार्टी के रूप में विकसित करने में विफल रहीं। पार्टी के कई संस्थापक नेता, जो ओबीसी, अल्पसंख्यक और दलित समुदायों का प्रतिनिधित्व करते थे, मायावती के नेतृत्व शैली से असंतुष्ट होकर पार्टी छोड़ गए। आज बसपा अपने पुराने अखिल भारतीय दलित संगठन के रूप में अपनी पहचान लगभग खो चुकी है, भले ही मायावती कहने को तो आज भी देश की सबसे बड़ी दलित नेता बनी हुई हैं। मायावती द्वारा बसपा के आंदोलनकारी चरित्र को नजरअंदाज करने और अपने परिवार के भीतर नेतृत्व को मजबूत करने के उनके फैसले ने पार्टी के विकास को नुकसान तो पहुँचाया ही है। दुर्भाग्य से, कई



अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने भी यही रास्ता अपनाया है, जिनमें वे दल भी शामिल हैं जो वैचारिक रूप से शक्तिशाली आंदोलनों से उभरे थे। इसमें तमिलनाडु में द्रविड़ आंदोलनों से विकसित हुई डीएमके और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार की राष्ट्रीय जनता दल शामिल है, जो लोहियावादी समाजवादी परंपरा और मंडल राजनीति की विरासत का दावा करती हैं । बसपा के मामले में, पार्टी के पतन को नए दलित नेताओं के उदय ने भी तेज किया है। पार्टी का वोट शेयर लगातार गिर रहा है। इस बात की संभावना कम ही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा उत्तर प्रदेश में कोई उल्लेखनीय परिणाम हासिल कर सकेंगी। अब उत्तर से पंजाब की ओर चलते हैं। बसपा की ताजा ताकत को जानने के लिए पंजाब के समीकरणों को जानना जानना जरूरी है, क्योंकि ; बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम जी पंजाब के रोपड़ शहर से ही थे। आप जब चंडीगढ़ से रोपड़ शहर में प्रवेश करते हैं तो आपको समूचे शहर की फिजाओं में लोकसभा चुनावों का रंग घुला हुआ मिलता है। सारा माहौल गुलजार है। आमतौर पर इधर बातचीत का मुख्य बिन्दू यही है कि राज्य की 13 लोकसभा सीटों में किस दल के हक के कितनी सीटें जाएंगी। पर यह एक दुर्भाग्य ही है कि बसपा दूर-दूर तक कहीं चर्चा में नहीं है।

सभी को यह हैरान करता है। रोपड़ बसपा के संस्थापक कांशी राम का यह अपना शहर है। इधर ही उनका बचपन बीता,इधर के ही सरकारी कॉलेज से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। आप चाहें तो और हैरान हो सकते हैं कि उनके कॉलेज के आसपास भी बसपा का कोई झंडा तक दिखाई नहीं दिया। कुल मिलाकर यहां पर आकर चिराग तले अंधेरे वाली कहावत सच साबित होती दिखी। आखि?ी पंजाब के चुनावी समर में भी बसपा या कांशीराम की कोई भारी-भरकम उपस्थिति रोपड़ या पंजाब में क्यों नजर नहीं आ रही? पंजाब के कुछेक समाज शास्त्रियों से बातचीत के बाद हमें अपने सवाल का जवाब मिला। इन सभी की राय थी कि चूंकि पंजाब में सिख धर्म और आर्य समाज के प्रभाव के चलते दलितों को उस तरह से सामाजिक स्तर पर प्रताडित नहीं होना पड़ा , जैसे अन्य राज्यों में उन्हें झेलना पड़ा। इन दोनों मजबूत धार्मिक संस्थाओं ने जाति के कोढ़ पर हल्ला बोला। नतीजा यह हुआ कि पंजाब के समाज में दलितों का उत्पीड़न कम हुआ। इस पृष्ठभूमि की रोशनी में ही पंजाब का दलित अपने को बसपा से जोड़कर नहीं देखता। आपको पंजाब में जगह-जगह दलितों के गुरुद्वारे तो देखने को मिल जाएंगे। उनके बाहर गुरुमुखी और कइयों के बाहर हिन्दी में भी लिखा रहता ह्यमजहबीह्ण, ह्यरामगढ़ियाह्ण या ह्यसंत रविदासह्ण गुरुद्वारा। और तो और, चंडीगढ़ में भी आपको इस तरह के गुरुद्वारे मिल जाएंगे। यह अन्य गुरुद्वारे से भव्यता के स्तर पर कतई उन्नीस नहीं हैं। ये कहीं न कहीं उनकी आर्थिक सेहत को भी रेखांकित करते हैं। यानी कि पंजाब का दलित उस तरह से पिछड़ा,दबा-कुचला नहीं है, जिस तरह से वो देश के बाकी भागों में या कम से कम उत्तर भारत के अन्य सूबों में हैं। जाहिर है,इसलिए ही चुनावों में पंजाब में दलित बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में खड़े नजर नहीं आते। संभवतः इसलिए ही बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम पंजाब से संबंध रखने के बाद भी बसपा को अपने ही गृह प्रदेश में मजबूत आधार देने में कामयाब नहीं हुए। पंजाब में कुल 30 फीसद मतदाता दलित है, यानि उत्तर प्रदेश से भी ज्यादा ! देश के किसी भी अन्य सूबे में इतने अधिक दलित वोटर कहीं नहीं हैं। देश से बाहर बड़ी संख्या में जाने के फलस्वरूप पंजाब के दलितों के हालात सुधर गए। जो बाहर गए, वे भारत में अपने परिवारों को अच्छी-खासी रकम भेजते रहे। पंजाब से बाहर रोटी-रोजी कमाने के लिए जाने वालों में दलित सिख सर्वाधिक रहे हैं। आपको अफ्रीका में भी दलितों के गुरुद्वारे मिल जाएंगे। एक दौर में पंजाब में कांग्रेस के पास ज्ञानी जैल सिंह और बूटा सिंह के रूप में दंबग दलित नेता थे, पर साल 1984 में पहले स्वर्ण मंदिर में सैन्य कार्रवाई और इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिखों के कत्लेआम के बाद पंजाब में पार्टी कमजोर हुई। उसे उपर्युक्त दोनों दिग्गज दलित नेताओं के केन्द्र की राजनीति करने के कारण रिक्त हुए स्थान को भरने के लिए भी कोई नया नेता सामने नहीं आया। जैल सिंह तो देश के राष्ट्रपति ही बन गए। बहरहाल, बसपा की तरफ से लोकसभा चुनाव के लिए काफी संख्या में उम्मीदवार खड़े हुए हैं। कुछ समय पहले तक अरविंद केजरीवाल की कैबिनेट में मंत्री रहे राजकुमार आनंद भी नॉर्थ इवेस्ट दिल्ली से बसपा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि लगता नहीं कि बसपा कहीं भी अपना असर छोड़ेगी। इसकी बड़ी वजह मायावती का कमजोर नेतृत्व और उनके ऊपर लगे तमाम आरोप ही हैं।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## कविता

### क्योंकि आज हरिया ने खाना नहीं खाया

क्योंकि आज हरिया ने खाना नहीं खाया,
हथौड़े की तेज आवाज से भी तेज,
मस्तिष्क के तंतु कहीं तेजी से
शून्य में विलीन हो जाते,
फिर तैरकर,
वापसी की प्रतीक्षा किए बिना,
आकर वापस बैठ जाते,
किसी अलग जगह में
जो पुरानी नहीं होती,
लेकिन हरिया
कबाड़ में हथोड़ा चलाकर
वापस आए उन विचारों का
विरोध खुलकर करना चाह रहा था,
जिसकी उसे आजादी थी,
पर इतनी ऊर्जा,ताकत और चाहत नहीं थी,
जो बेवजह उसकी अपनी जिंदगी में,
अन्चाहों की तरह,
आकर, दिमाग में चक्कर लगाते,
हथोड़ा और जंग लगा लोहा,
आपस में जुगलबंदी कर
कोई मधुर गीत नहीं गा सकते,
कोई आशा का संकेत नहीं दे सकते,
की आने वाला कल
खुशहाली, हरीतिमा का होगा,
किसी को शायद मालूम न था
की कि हरिया ने

संजीव

## विज्ञान और धर्म संसार के दो

-प्रियंका सौरभ

**समाज** में धर्म और विज्ञान की भूमिका प्रभावशाली है। विज्ञान और धर्म के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर यह है कि पहले का संबंध प्राकृतिक दुनिया से है जबकि दूसरे का संबंध प्राकृतिक और अलौकिक दोनों संस्थाओं से है। विज्ञान तथ्यों की उचित प्रमाण एवं प्रमाण सहित व्याख्या करता है। यह हमेशा सवालों के जवाब देने के लिए तार्किक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करता है। धर्म लोगों को शक्ति पर निर्भर बनाता है और यह शक्ति प्राकृतिक या अलौकिक हो सकती है। यह हमेशा विश्वासों और विश्वासों पर निर्भर होता है। धर्म के अनुसार सब कुछ अज्ञात शक्ति के प्रभाव से होता है। जबकि विज्ञान सदैव तार्किक तथ्यों एवं प्रमाणों पर निर्भर रहता है। जब धर्म ने विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के लिए मार्ग प्रशस्त किया, तो विज्ञान ने खोजों के लिए मार्ग प्रशस्त किया। धर्म और विज्ञान के बीच संबंध को दुनिया में सबसे अधिक बहस वाले विषयों में से एक माना जा सकता है। विज्ञान और धर्म के बीच संबंधों पर कुछ तर्क संघर्ष पैदा करते हैं, जबकि अन्य सोचते हैं कि यह दो अलग-अलग संस्थाएं हैं जो दो अलग-अलग मानवीय अनुभवों से निपटती हैं। कुछ धार्मिक और वैज्ञानिक संगठनों का कहना है कि धार्मिक आस्था और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बीच इस तरह के टकराव की कोई आवश्यकता नहीं है। धर्म और विज्ञान जटिल सामाजिक विषय हैं जो विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के अनुसार भिन्न हो सकते हैं। यह लेख हमें विज्ञान और धर्म की विभिन्न अवधारणाओं को देखने देता है और वे एक-दूसरे से कैसे संबंधित हैं। विज्ञान और धर्म के बीच संबंध 'सद्भाव', 'जटिलता' और संघर्ष की विशेषता है। समाज में व्यक्ति के विचारों को आकार देने में विज्ञान और धर्म की भूमिका महत्वपूर्ण है। धर्म मान्यताओं, रीति-रिवाजों और परंपराओं का एक संग्रह है। इसे नियंत्रक शक्ति के प्रति पूजा भी कहा जाता है। धर्म सदैव ईश्वर पर केन्द्रित नहीं हो सकता। यह किसी भी प्रकार की शक्ति के प्रति समर्पण हो सकता है। विज्ञान की भाँति मध्यकाल में धर्म शब्द का भी कोई उचित अर्थ नहीं था। मानवविज्ञानी ईबी टेलर के साहित्यिक कार्यों के माध्यम से इसे अपना वर्तमान उद्देश्य प्राप्त हुआ। उनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने दुनिया भर में धर्म का प्रतिनिधित्व करने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। धर्म किसी समाज और व्यक्ति की गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसका असर व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। विज्ञान को ज्ञान की खोज और अनुप्रयोग तथा प्रयोगों, अवलोकनों और उचित साक्ष्यों के माध्यम से दुनिया को समझने के रूप में परिभाषित किया गया है। पुराने काल में विज्ञान का अर्थ प्राकृतिक दर्शन या प्रयोगात्मक दर्शन था। इसका सटीक सन्दर्भ उन्नीसवीं शताब्दी में आया और प्रयोग किया गया। विलियम व्हीवेल ने वैज्ञानिक शब्द का मानकीकरण उन लोगों के रूप में किया जो विज्ञान के अभ्यासकर्ता हैं।

## विचार

# जमानत से जनमत तक का सफर

राकेश

**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की राजनीति को अक्षय तृतीया के दिन जमानत के रूप में नवजीवन मिल गया। जमानत अंतरिम है और केजरीवाल को 2 जून को दोबारा अदालत के समक्ष समर्पण करना होगा ,लेकिन वे अपनी जमानत की अवधि में अठारहवीं लोकसभा के लिए होने वाले शेष चार चरणों के चुनाव में खुलकर न सिर्फ प्रचार कर पाएंगे बल्कि भाजपा की उन तमाम साजिशों को भी बेनकाब भी कर पाएंगे जो दस साल से विपक्ष के खिलाफ की जा रहीं हैं।

अरविंद केजरीवाल के लिए अच्छा हुआ की वे 50 दिन की जेल यात्रा कर आये। स्वाधीनता से पहले जेल यात्राओं को एक तरह का बलिदान माना जाता था । आजादी के बाद जेल यात्राओं का रंग ही बदल गया। अब नेता भ्ष्टाचार्र के आरोपों में जेल जाते हैं। जनांदोलनों के चलते जेल जाने वालों की संख्या लगातार घटी है। केजरीवाल हालाँकि आंदोलन की कोख से निकले ही नेता हैं ,,लेकिन हैं तो पुराने नौकरशाह। इसीलिए वे भाजपा के मोदी और शाह से टक्कर ले पा रहे हैं। उन्हें जेल भी शायद इसीलिए जाना पड़ा लेकिन कानून ने उनकी मदद की और अंततः अंतरिम जमानत दिला दी।

लोकसभा चुनाव के चार चरण अरविंद केजरीवाल के बिना समपन्न हो गए। विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन को केजरीवाल से जो लाभ मिलना चाहिए था ,उतना नहीं मिल पाया। लेकिन जमानत पर आने के बाद वे बीस दिन में इतना कुछ काम कर लेंगे की भाजपा सरकार को चुनौती दी जा सके। अरविंद पहले भाजपा की बी टीम समझे जाते थे किन्तु बाद में वे इस छवि से बाहर निकल आय। उन्होंने शराब घोटाले में अपने आपको लपेटे जाने के बाद भाजपा के खिलाफ कमर कास ली थी। केजरीवाल और उनकी पार्टी की हैसियत इस समय कांग्रेस को छोड़ दीगर क्षेत्रीय दलों से कहीं ज्यादा है। उनकी अकेली ऐसी पार्टी है जिसकी एक से अधिक राज्यों में सरकारें हैं। आम आदमी पार्टी को केजरीवाल एंड कम्पनी दिल्ली से बाहर पहले पंजाब तक ले गयी और बाद में उसने गोवा,गुजरात में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। और अब आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ मिलकर भाजपा को अपदस्थ करने के महाअभियान में शामिल है।

आपको पता ही है की भाजपा की इस समय सिट्टी-पिट्टी गुम है । भाजपा अपने घोषणा पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने के बजाय उन मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है जो की उसे कॉंग्रेसने दिए हैं। भाजपा अब मोदी जी के चेहरे और मोदी जी की गारंटियों पर चुनाव नहीं लड़ रही । चुनाव जीतने के लिए भाजपा को हारकर हिन्दू-मुसलमान पर आना पड़ा । मतदाताओं को अल्पसंख्यक मुसलमानों से आतंकित करने के लिए पहले मंगलसूत्र छीने जाने ,बाद में विरासत पर कार लगाए जाने और सबसे बाद में अंकल सैम पित्रोदा के निजी बयानों का इस्तेमाल करने पर विवश होना पड़ा। केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद अब भाजपा कौन से हुआ खड़ा करेगी ये कहना कठिन है।

केजरीवाल अपनी अंतरिम जमानत का इस्तेमाल जनमत को आईएनडीआईए के पक्ष में बनाने के लिए कार सकते है। वे मुख्त वक्ता हैं। दिल्ली में उनकी पार्टी की राज्य सरकार है। सबसे बड़ी बात तो ये हैं की वे कंगाल नहीं हैं। पंजाब में भी उनकी सरकार है। दिल्ली की जनता उन्हें पसंद करती है। इसका असर दिल्ली की ७ लोकसभा सीटों के अलावा दुसरे राज्यों पर भी पडेगा। अब विपक्ष के पास राहुल हैं ,अखिलेश भी हैं और केजरीवाल भी। ये तिकड़ी भाजपा का खेल बिगाड़ने के लिए काफी है। भाजपा जितने हौवे मतदाताओं को भयभीत करने के लिए खड़े कर सकती थी ,वो कर चुकी। अरविंद को भाजपा हौवे की तरह इस्तेमाल नहीं कर सकती। वे प्रखर वक्ता हैं ,नेता है और मोदी से किसी भी मायने में कम नहीं हैं। मोदी जी की घबड़ाहट और केजरीवाल की रण में वापसी के चलते चुनाव के शेष चार चरण और महत्वपूर्ण होने वाले हैं। अभी कोई 260 सीटों के लिए मतदान होना बाकी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बोर्ड परीक्षा और अंक नहीं जीवन

विजय गर्ग

**इस वर्ष** एक बार फिर बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे सुर्खियों में रहे। इसमें अच्छी और सुहानी लगने वाली बातों के समांतर अंकों और 'रैंक' को ही जीवन का सब कुछ समझने वाली आज की पीढ़ी के बीच से परीक्षा में असफलता के भय होने, ग्रेड या रैंक कम आने, अपने आपको माता-पिता और शिक्षकों की आशा के अनुरूप खरा साबित न होने पर आत्महत्या किए जाने की खबरें भी आईं। यह निश्चित ही बेहद चिंता का विषय है । परीक्षाओं के नतीजे आने के बाद बच्चों के बीच से आत्महत्या की घटनाएं आमतौर पर हर वर्ष देखने में आती हैं, पर इसका कुछ समाधान अभिभावक, शिक्षक और प्रशासन निकाल नहीं पाते हैं और न ही ऐसी स्थिति बनाई जाती है कि आज के बच्चे इस पर विचार करें कि कामयाबी अगर अच्छा है तो कम अंक या नाकामी खुद को बेहतर करने और अगली कामयाबी का रास्ता है। बच्चों को यह क्यों नहीं समझाया जा सकता है कि क्या जीवन का लक्ष्य केवल परीक्षा ही पास करना है ! अगर अंक कम आ गए या नतीजे खराब रहे तो जीवन तो खत्म नहीं हो जाता। जीवन के मुकाम कुछ और करके भी हासिल किए जा सकते हैं । मगर भविष्य मानो स्कूली परीक्षा में ज्यादा से ज्यादा अंकों के दायरे में ही कैद कर दिया जाता है और अभिभावक से लेकर विद्यार्थी तक इसी चक्र में अपना सोचना - समझना केंद्रित कर लेते हैं। इसके मनोवैज्ञानिक प्रभाव तो सामने आने ही हैं । देखा जाए तो आज के स्कूली शिक्षा के समूचे ढांचे में पढ़ाई से लेकर परीक्षा और नतीजे के बीच दिखावे की संस्कृति में बच्चों के अभिभावक ही ज्यादा जिम्मेदार नजर आते हैं, जो अपनी अधूरी महत्त्वाकांक्षाओं की भूख की वजह से बच्चों पर दबाव बनाते हैं कि वे नब्बे या सौ फीसद अंक नहीं लाएं। सबसे अव्वल आएं। वहीं स्कूलों में भी बच्चों पर दबाब बनाया जाता है। ऐसे में स्कूल की कक्षाओं के अलावा ट्यूशन, कोचिंग, परीक्षा के तनाव और बोझ के साथ इंटरनेट, टीवी के चक्रव्यूह में फंसे बच्चे दिग्भ्रमित हो जाते हैं। जबकि पढ़ाई के बाद बेहतर भविष्य बनाने के लिहाज से देखें तो उसमें अंकों के निर्धारण का कोई आकलन नहीं होता है।

## जो डर सो जी गया

डॉ. सुरेश कुमार

**भयभीत** होने के अपने फायदे हैं। इस नई दृष्टि से सोचें तो यही मानना पड़ेगा कि अधिकांश नौकरीपेशा भयभीत नहीं होते हैं, क्योंकि वे हर महीने एक बंधी हुई रकम पा जाते हैं, चाहे अपने पेशे के साथ न्याय करें या न करें। निश्चित रूप से वे निर्भय होकर बीमार रहते हैं। उन्हें हमेशा हाय-हाय लगी रहती है और उनका हाजमा खराब रहता है, यानी वे दुःखी रहते हैं। नौकरीपेशा, जो ऊपरी आमदनी का लाभ पाते हैं, उनका हाजमा अच्छा होता है, क्योंकि वे काफी कुछ डकार जाने की क्षमता रखते हैं। यह ऊपरी आमदनी उन्हें सुखी बनाती है और वे भयभीत होते हैं कि उनकी आमदनी का यह जरिया कहीं बंद न हो जाए। लाभ की दृष्टि से सबसे समृद्ध हमारा व्यापारी समाज होता है। अगर आप गौर करें तो पाएंगे कि वे भयभीत और सुखी होते हैं। काले धंधों का जितना बड़ा व्यापारी होता है, वह उतना ही बड़ा समाज-सेवक भी माना जाता है, क्योंकि भयभीत होने के कारण वह दान देता है और मंदिर बनवाता है। इससे यही प्रमाणित होता है कि बिना अतिरिक्त आर्थिक लाभ के भयभीत होना कठिन है और बिना भयभीत हुए भौतिक रूप से तुखी बनना संभव नहीं है। यह भयभीत होने का अर्थशास्त्रीय सिद्धांत है। अपने प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर वे दावे के साथ कह सकते हैं कि भयभीत पति और प्रेमी होना काफी फायदेमंद होता है। यदि आप केवल प्रेमी हैं और भयभीत हैं तो पति के रूप में आपके प्रमोशन के चांसेस बढ़ जाते हैं, क्योंकि कोई भी भारतीय कन्या आपसे सहर्ष विवाह करना चाहेगी, इसलिए कि वह आपकी प्रेमिका से आपकी पत्नी बनकर आपको निरंतर भयभीत बनाए रखने का सुख छोड़ना नहीं चाहेगी। यदि आप बिना प्रेमी बने सीधे ही पति हैं और भयभीत हैं तो आपको दोहरा लाभ होगा। पहला लाभ अपनी पत्नी से है। आपकी पत्नी यही चाहेगी कि भले ही सारा जहाँ आपसे भौकाल खाता हो, आप पत्नी से भौकाल खाएँ। प्रायः ऐसा होता भी है। अधिकांश दूसरों को डराने वाले पतियों की धोतियों को पत्नी के डर से गीला होते हुए देखा जा सकता है। ऐसे किसी एक अदद भयभीत पति मिल जाने पर किसी भी नारी का समस्त जीवन धन्य हो उठता है।

# परफेक्ट बनने के चक्कर में औरतें हो रही हैं सुपरवुमन सिंड्रोम का शिकार

औरतें अपनी इमेज को लेकर काफी कॉन्शियस होती है। घर हो या दफ्तर हर जगह महिलाएं अपनी परफेक्ट इमेज बनाना चाहती हैं, लेकिन इसके कारण वो सुपरवुमन सिंड्रोम की गिरफ्त में आती जा रही हैं। यह एक तरह का मानसिक अवसाद है, जो परफेक्ट दिखने की होड़ में लगी महिलाओं में देखने को मिल रहा है। परफेक्ट दिखने का जुनून महिलाओं को धीरे-धीरे इस अवसाद की ओर धकेल रहा है। चलिए आपको बताते हैं कि क्या है यह सिंड्रोम और कैसे करें इससे बचाव।



### क्या है सुपरवुमन सिंड्रोम?

एक्सपर्ट के मुताबिक, घर-परिवार की जिम्मेदारी हो या फिर करियर में कोई ऊंचा मुकाम पाना हो, आजकल की महिलाएं हर काम में एकदम फिट बैठना चाहती हैं। जिंदगी में हर भूमिका को अच्छे से निभाने की लत की वजह से ही महिलाएं सुपरवुमन सिंड्रोम का शिकार होती जा रही हैं। अगर वो किसी काम में चूक जाएं तो खुद को दोष देने लगती हैं। इतना ही नहीं, इसके चलते तो कभी-कभी महिलाएं डिप्रेशन का शिकार भी हो जाती हैं।

### इन महिलाओं को अधिक खतरा

हाउसवाइफ, नई माताओं, कामकाजी महिला हो या सोशल एक्टिविस्ट, यह सिंड्रोम किसी भी महिला को हो सकता है। शोध के अनुसार, पढ़ाई में परफेक्ट बनने के चक्कर में 13 से 18 साल की लड़कियां भी इस सिंड्रोम से गुजर रही हैं।

### सेरोटोनिन हो सकता है कारण

एक्सपर्ट की मानें तो महिलाओं में इस सिंड्रोम की एक वजह सेरोटोनिन नामक तत्व भी है। यह एक ब्रेन केमिकल है, जो उदासी को दूर करके एवं मूड को अच्छा बनाकर उसे तनावग्रस्त होने से बचाता है। मस्तिष्क में सेरोटोनिन की कमी पूरी करने के लिए आप दवाइयों और एस्ट्रोजन बढ़ाने वाले फूड का सेवन कर सकते हैं।

### सुपरवुमैन सिंड्रोम के लक्षण

- एक परफेक्ट महिला की इमेज बनाकर रखना।
- तारीफ सुनने के लिए लोगों को खुश रखना।
- सर्वगुण सपन्न होने की भावना।
- किसी से ज्यादा बात न करना।
- दूसरों का ध्यान अपनी तरफ खींचना।
- कम आत्मसम्मान होना।
- परफेक्ट बनने की ज्यादा कोशिश करना।

## ऐसे करें बचाव

### आत्म-अनुशासन है जरूरी

इस सिंड्रोम से बचने के लिए आत्म-अनुशासन कारगार साबित हो सकता है। घर और ऑफिस के लिए समय निकालने के साथ खुद को भी टाइम दें। इस दौरान आप वो सब काम करें, जिससे आपको खुशी मिले।

### प्राथमिकताओं को करें सुनिश्चित

एक वक्त में हर काम कर पाना या हर फील्ड में परफेक्ट हो पाना किसी के लिए भी संभव नहीं है। ऐसे में अपनी प्राथमिकताओं को कम करें और जरूरी चीजों पर ध्यान दें। जैसे कि अगर आप अभी-अभी मां बनी हैं तो यह समय पूरी तरह अपने बच्चे एवं मातृत्व को दें और ऑफिस वर्क को अवॉइड करें।



### उम्मीदों को करें सीमित

भारतीय समाज में सिर्फ आसपास के लोग ही नहीं बल्कि खुद महिलाओं को भी स्वयं से कुछ ज्यादा ही उम्मीदें होती हैं। जो पूरी न होने पर सुपर वुमन सिंड्रोम जैसी मानसिक बीमारी को जन्म देती है। ऐसे में ये समझना बहुत जरूरी है कि आपकी अपनी भी कुछ सीमाएं हैं और आप हर काम नहीं कर सकती। अपने हिस्से उतना ही काम लें, जितना आपके लिए संभव हो।

### दूसरों की मदद लेना

परफेक्ट दिखने के लिए अक्सर महिलाएं दूसरों की मदद लेने से हिचकिचाती है, लेकिन ऐसा करना बिल्कुल गलत है। अगर आपका वर्कलोड अधिक हो तो मदद मांगने से बिल्कुल न हिचकिचाएं, फिर चाहे बात ऑफिस की हो या घर की। साथ ही न कहना भी सीखें। अगर आपने यह गुण सीख लिया तो बहुत सी समस्याओं एवं बीमारियों से बची रहेंगी।

### दिनचर्या में बदलाव

घर और ऑफिस के काम के चक्कर में महिलाएं न सही आहार लेती हैं और न ही व्यायाम करती है, जो कि इस सिंड्रोम का सबसे बड़ा कारण है। ऐसे में अपनी डेली लाइफ में व्यायाम, खासकर योगा को जगह दें। इससे दिमाग में हैप्पी हार्मोन रिलीज होते हैं, जिससे आप खुद को अधिक उर्जावान एवं खुश महसूस करती है।

### स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ डाइट भी है जरूरी

महिलाओं को अपने डाइट चार्ट में जरूरी पोषक तत्व जैसे ओमेगा-3, विटामिन्स, जिंक, प्रोटीन, कैल्शियम आदि शामिल करना चाहिए, ताकि वह स्वस्थ रहें। इसके लिए अपनी डाइट में हरी सब्जियां, फल, ओट्स, बीन्स, अंडा, दूध, नट्स, ब्रोकली, पालक, चिकन या मछली और गाजर जैसी चीजों का सेवन करें। इसके साथ ही शराब, जंक और प्रोसेस्ड फूड्स से परहेज करें।

### अच्छी नींद भी है जरूरी

पूरा दिन काम करने के बाद आप देर रात तक काम या मोबाइल में ही उलझी रहती है। मगर शरीर एवं दिमाग को आराम देने के लिए जरूरी है कि आप 7-8 घंटे की नींद लें। ऐसे में रात को ज्यादा देर तक मोबाइल का यूज करने की बजाए सो जाएं।

## रेसिपी



### कोकोनट पुडिंग

**सामग्री**

- कच्चा नारियल : 3/4
- कच्चे नारियल का पानी: 1 कप
- दूध:1 कप
- कंडेंस्ड मिल्क:1/2 कप
- चीनी : 2 चम्मच
- खसखस (चाइना ग्रास पाउडर): 1/2 चम्मच
- पुडिंग बनाने के लिए सांचा

**विधि**

सबसे पहले ताजे नारियल से पानी निकालें। अब नारियल के भूरे हिस्से को हटाएं और सफेद हिस्से को मिक्सर में डालकर पीस लें। एक भारी तले वाले बर्तन में नारियल पानी लेकर खसखस पाउडर को घोल लें। इसे तब तक गर्म करें, जब तक कि खसखस पूरी तरह घुल न जाए। एक दूसरे बर्तन में कंडेंस्ड मिल्क और सामान्य दूध गर्म करें। साथ में चीनी भी मिलाएं। अब इसमें खसखस का मिश्रण एवं पिसा हुआ नारियल मिलाएं। इस मिश्रण को सांचे में डालें, फिर इसे रूम टेम्परेचर पर आने दें। इसके बाद 30 मिनट के लिए फ्रिज में रखें। अगर पुडिंग के सांचे से निकालने में दिक्कत हो रही है, तो चाकू से धीरे-धीरे निकालें और अपने मेहमानों में सर्व करें।



### आलू का शीरा

**सामग्री**

- उबले आलू: 250 ग्राम
- चीनी: 100 ग्राम
- घी: 2 चम्मच
- इलायची पाउडर: 1/2 चम्मच
- कटे हुए सूखे मेवे: 3 चम्मच

**विधि**

उबले आलू का छिलका छीलकर उसे अच्छी तरह से मैश कर लें। कढ़ाही में घी गर्म करें और मैश किए हुए आलू को अच्छी तरह से भून लें। चीनी डालें और मिलाते हुए पकाएं। जब मिश्रण एक-सा हो जाए और चीनी घुल जाए तब उसमें इलायची पाउडर डाल दें। अब उसमें कटे हुए मेवे मिला दें। सर्विंग बाउल में निकालें। मेवों से सजा कर सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-6-8-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा)
दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-7-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे। शुभांक-4-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-3-6-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंग। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य पूर्ण होंग। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान रहेगा। शुभांक-3-5-7

## लॉफिंग ज़ोन

जज- तुम्होर विरूद्ध तीन बार जाली नोट छापने का आरोप है।
मुल्जिम- मुझसे धोखा हुआ है।
जज- क्या मतलब ?
मुल्जिम- मुझे पैसे केवल दो बार के दिए गए है।


□ □ □

एक चर्च का निर्माण हो रहा था कि एक मजदूर काफी ऊंचाई से गिर गया, उसकी जान तो बच गई लेकिन चोटें बहुत आई।
एक फादर जो दूर खडे हुए उसे गिरता देख रहे थे, दौडकर उसके पास आये और उसे जिंदा पाकर बोले- खुदा तुम्हारे साथ था बेटे।
मजदूर कराहते हुए बोला- हां कोई न कोई जरूर मेरे पास था वरना मुझे धक्का कौन देता।

□ □ □


पत्नी ने अपने सैल्समैन पति से कहा- जब तुम काम के सिलसिले में बाहर चले जाते हो तो मुझे हमेशा घबराहट होती रहती है।
पति- घबराओं नही मैं इतनी जल्दी वापस आंऊगा कि तुमको पता ही नही चलेगा।
पत्नी- तुम्हारी यही हरकत तो मेरी

## काकुरो पहेली - 4082



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 4081 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4082



**बायें से दायें:-**

१. मनोज वाजपेयी, अरशद, तब्बू, की 'बाब मेरी ये' गीत वाली फिल्म-२
२. 'जीवन से भरी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
४. सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की 'हैलो हैलो बोलके' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ऐसा मिलन कल हो ना' गीत वाली सैफअली, काजोल की फिल्म-३
८. कुमार गौरव, विजयेता की 'याद आ रही है' गीत वाली फिल्म-२,२
१०. 'आँखें' ती नायिका कौन थी-२
१२. 'दिल में छुपाके प्यार' गीत वाली दिलीपकुमार, निम्मी की फिल्म-२
१३. दिलीपकुमार, मीना की 'राधा ना बोले ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'किसी से तुम' गीत वाली लारा दत्ता, प्रियंका, अक्षय की फिल्म-३
१६. राजकपूर, राजेंद्र, वैजयंती की 'मैं क्या करूंराम' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली अमिताभ, अमजद, नीतू की फिल्म-३
२०. फिल्म 'कहानी किस्मत की' में धर्मेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२२. नसीर, आमिर, सौनाली, उपासना की 'जो हाल दिल' गीत वाली फिल्म-५
२४. 'दिल में जागी धड़कन' गीत वाली लक्की अली, गौरी की फिल्म-२
२५. अशोककुमार के गाये बालगीत 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' वाली फिल्म-४
२७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
२८. संजयदत्त, मनीषा की 'कसम से कसम से' गीत वाली फिल्म-३
२९. अजय, अभिषेक, रानी, एशा की 'कभी नीम नीम' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२. संजयदत्त, जूही चावला की 'आलारे पाउस अला' गीत वाली फिल्म-३
३. आशुतोष गोवारीकर की बहुचर्चित फिल्म 'लगान' के संगीतकार कौन हैं-४
४. जीतेंद्र, रीना रामेश्वरी की फिल्म-२
५. संजय खान, मुमताज की 'ऐ हसीनों नाजनीनों' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
९. फिल्म 'मन की आँखें' की नायिका थी-३
११. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली जैकी, जूही, अमृता की फिल्म-३
१३. राजकपूर, नर्गिस की 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तन्हा तन्हा दिल धड़के' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली की फिल्म-३
१५. 'अभिमान' में अमिताभ की नायिका-२
१६. राज बब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो' गीत वाली फिल्म-३
१८. राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१९. 'बेचारा दिल क्या करे' गीतवाली फिल्म-३
२१. धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
२२. 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
२३. अमिताभ, संजीव, शर्मिला की फिल्म-३
२५. 'मैं तो हूँ पागल मुंडा' गीत वाली फिल्म-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 4081



## सूडोकु 4082


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4081 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली -4082



**बाएँ से दाएँ**

1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.ढौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**

1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

शब्द पहेली -4081 हल



# आईपीएल 2024 : गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर 24 लाख रुपये का जुर्माना



एजेंसी

नई दिल्ली। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'चूंकि न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का दूसरा अपराध था, गिल पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया।

# पहलवान निशा दहिया का शानदार प्रदर्शन, भारत को दिलाया पांचवां ओलंपिक कोटा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला पहलवान निशा दहिया ने विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के दौरान देश को पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाया। निशा पांचवीं भारतीय महिला पहलवान हैं जिन्होंने इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया है। निशा 68 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंच गई हैं। निशा ने सेमीफाइनल में रोमानिया की 58वीं रैंकिंग की एलेक्सांद्रा अनघेल को 8-4 से हराया।

**निशा ने किया था शानदार प्रदर्शन**

सभी छह ग्रीको रोमन पहलवानों के निराशाजनक प्रदर्शन के एक दिन बाद महिला पहलवान निशा दहिया ने पांचवां पेरिस कोटा दिलाने की उम्मीदें जीवंत रखी थी। निशा ने बेलारूस की युवा अलिना शाउचुक को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। फिर इस 25 साल की पहलवान ने चेक गणराज्य की कई यूरोपीय चैंपियनशिप पदक विजेता एडेला हानजलिकोवा को 7-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

**मानसी को मिली हार**

मानसी (62 किग्रा) प्री क्वार्टर फाइनल में बेलारूस की प्रतिद्वंद्वी वेरानिका इवानोवा से हार गई। हालांकि वह रेपचेज से कांस्य पदक के दौर में जगह बना सकती हैं और ओलंपिक कोटा जीतने की उम्मीद कर सकती हैं लेकिन इसके लिए वेरानिका को फाइनल में पहुंचना होगा। भारत की चार महिला पहलवानों ने पहले ही ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है जिसमें अंतिम पंघाल (53 किग्रा), विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) शामिल हैं।

# ओलंपिक के लिए इन नामी जोड़ियों के साथ तैयारी करेंगे सात्विक-चिराग, देश में ही करेंगे प्रैक्टिस

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में पदक की दावेदार राष्ट्रमंडल और एशियाड स्वर्ण विजेता बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को ओलंपिक की तैयारियां दो नामी विदेशी जोड़ियां कराएंगी। ये दोनों जोड़ियां यूरोपियन चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता स्कॉटलैंड के अलेक्जेंडर डन-एडम हाल और थॉमस कप पदक विजेता इंडोनेशिया के रेन आगुंग-बेरी एंग्रियावान हैं। सात्विक-चिराग इन दोनों जोड़ियों के साथ पेरिस की तैयारियां मुंबई और हैदराबाद में अंजाम देंगे। दोनों ही जोड़ियों को सात्विक-चिराग और उनके डेनमार्क के कोच मथायस बोए की सिफारिश पर बुलाया जा रहा है। साई ने दोनों की तैयारियों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है, जिस पर तकरीबन साढ़े छह लाख रुपये का खर्च आएगा।

# तीन सीजन में दूसरी बार फाइनल में पहुंचा रियल मैड्रिड, अब डॉर्टमुंड से होगा सामना

नई दिल्ली। स्पेनिश फुटबाल टीम रियल मैड्रिड ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बायर्न म्यूनिख को 2-1 से शिकस्त देकर तीन सत्र में दूसरी बार चैंपियंस लीग के फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले मैड्रिड ने 2021-22 के सत्र में भी फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसने लिवरपूल को हराकर खिताब जीता था। मैड्रिड ने कुल स्कोर के आधार पर 4-3 से जीत दर्ज की। दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल के पहले चरण का मुकाबला 2-2 से बराबर रहा था। दोनों टीमों के बीच पहला हाफ गोलरहित रहा। दूसरे हाफ में गोल की शुरुआत म्यूनिख ने की, लेकिन दूसरे हाफ में रियल के लिए दो गोल जोसेलु ने दागे। अल्फांसो डेविस ने 68वें मिनट में बायर्न को बढ़त दिलाई। बायर्न की जीत लगभग तय लग रही थी, लेकिन जोसेलु ने 88वें मिनट में रियल मैड्रिड को 1-1 से बराबरी दिला दी। जोसेलु ने इंजुरी टाइम (90+1वें मिनट) के पहले मिनट में एक और गोल दागकर रियल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित की और उसे फाइनल में जगह दिलाई। फाइनल में रियल मैड्रिड की भिड़ंत एक जून को लंदन में बोरुसिया डॉर्टमुंड से होगी।अल्फांसो डेविस कनाडा के पहले फुटबालर बन गए हैं जिन्होंने चैंपियंस लीग के नॉकआउट मैच में गोल किया है।

# ऑल इंडिया कराते चैम्पियनशिप में मप्र अकादमी के खिलाड़ी अनुज गोस्वामी ने जीता स्वर्ण पदक




एजेंसी

भोपाल। उत्तराखंड के देहरादून शहर में आठ से 12 मई 2024 तक ऑल इण्डिया कैडेट, जूनियर, अन्डर -21 और सीनियर वर्ग कराते चैम्पियषिप 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में शुक्रवार को मप्र राज्य अकादमी के खिलाड़ी अनुज गौस्वामी ने अपने खेल और शारीरिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक अर्जित कर प्रदेश को गौरवान्वित किया।

खेल विभाग के जनसम्पर्क अधिकारी विकास खराड़कर ने बताया कि अन्डर- 21 के -55 किग्रा. भारवर्ग में फायनल मुकाबला राज्य खेल अकादमी के खिलाड़ी अनुज गोस्वामी और वेस्ट बंगाल के शिवम पोड्डर के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में अनुज गोस्वामी ने शुरू से ही आक्रमक खेल का प्रदर्शन कर मुकाबले को एकतरफा कर दिया। उन्होंने यह मुकाबला 7-0 अंकों से जीता। अनुज गोस्वामी राज्य कराते अकादमी भोपाल में बोर्डिंग के खिलाड़ी है एवं प्रशिक्षक हर्षित विश्वकर्मा, दीपक नरवरिया और कुलदीप कांदिल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत हैं। मप्र राज्य कराते अकादमी भोपाल के खिलाड़ियों ने वर्ष 2007 से अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 241 स्वर्ण, 97 रजत और 104 कांस्य सहित कुल 442 पदक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 40 स्वर्ण, 16 रजत और 28 कांस्य सहित 84 पदक अर्जित किये हैं।

# दो सेंटीमीटर से शीर्ष स्थान से चूके नीरज चोपड़ा, 88.36 मी. का रहा सर्वश्रेष्ठ प्रयास

एजेंसी

भोपाल। दोहा डायमंड लीग 2024 में नीरज चोपड़ा दो सेंटीमीटर से पहले स्थान पर आने से चूक गए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 88.36 सेंटीमीटर का रहा। वहीं, चेक गणराज्य के जाकुब वादलेच 88.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ पहले स्थान पर रहे। नीरज और वादलेच दोनों का ही यह सीजन बेस्ट थ्रो रहा। वहीं, एंडरसन पीटर्स 86.62 के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के एक और भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना 76.31 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ नौवें स्थान पर रहे। दोहा डायमंड लीग में शीर्ष तीन स्थान पर रहने वाले तीनों भाला फेंक खिलाड़ी के व्यक्तिगत बेस्ट थ्रो की बात करें तो वादलेच का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 90.88 मीटर का रहा है, जबकि नीरज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर का रहा। वहीं, एंडरसन पीटर्स का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 93.07 मीटर का रहा है।

**पहला प्रयासः** नीरज का पहला प्रयास फाउल रहा था। वहीं, वादलेच ने अपने पहले प्रयास में 85.87 मीटर और एंडरसन पीटर्स ने 80.68 मीटर का थ्रो किया। किशोर जेना का पहला प्रयास 75.72 मीटर का रहा था।

**दूसरा प्रयासः** नीरज ने अपने दूसरे प्रयोस में 84.93 मीटर का थ्रो किया। वादलेच का दूसरा प्रयास 86.93 मीटर का और पीटर्स का दूसरा प्रयास 85.75 मीटर का रहा। जेना ने अपने दूसरे प्रयास में फाउल किया। जेना नौवें स्थान पर रहे थे। ऐसे में दो प्रयासों के बाद एलिमिनेट हो गए।

**तीसरा प्रयासः** नीरज का तीसरा प्रयास 86.24 मीटर का रहा और वह दूसरे स्थान पर आ गए। वहीं, वादलेच ने 88.38 मीटर के थ्रो के साथ पहले स्थान पर जगह बना ली। पीटर्स का तीसरा थ्रो फाउल रहा।

**चौथा प्रयासः** नीरज का चौथा प्रयास 86.18 मीटर का रहा और उन्होंने दूसरा स्थान बरकरार रखा। वहीं, वादलेच ने 84.04 मीटर और पीटर्स ने 82.89 मीटर का थ्रो किया।

**पांचवां प्रयासः** वादलेच का पांचवां प्रयास फाउल रहा। वहीं, नीरज ने 82.28 मीटर और पीटर्स ने 85.08 मीटर का थ्रो किया। ऐसे में वादलेच पहले, नीरज दूसरे और पीटर्स तीसरे स्थान पर बने रहे।

**छठा और आखिरी प्रयासः** नीरज ने अपने आखिरी प्रयास में 88.36 मीटर का थ्रो किया और दो सेंटीमीटर से पहले स्थान पर आने से चूक गए। वादलेच का छठा प्रयास फाउल रहा। वहीं, पीटर्स ने 86.62 मीटर का थ्रो किया। इस तरह वादलेच का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 88.38 मीटर, नीरज का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 88.36 मीटर और पीटर्स का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 86.62 मीटर का रहा। वादलेच पहले, नीरज दूसरे और पीटर्स तीसरे स्थान पर रहे।

# ओलंपिक चयन ट्रायल : 37 भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों की नजरें पेरिस ओलंपिक पर



एजेंसी

नई दिल्ली। आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए चयन ट्रायल (ओएसटी) 3 और 4 राइफल/पिस्टल स्पर्धा 11 मई से भोपाल के एमपी राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में शुरु होंगे, जिसमें 37 चयनित राइफल और पिस्टल निशानेबाज पेरिस जाने के लिए निशाना साधेंगे। प्रतियोगिताएं शनिवार को शुरू होंगी, जिसमें पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी3 क्वालिफिकेशन राउंड होंगे। नौ दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में आठ ओलंपिक राइफल और पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धाओं में कुल 16 मैच खेले जाएंगे, जिसका समापन 19 मई को पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टी4 फाइनल के साथ होगा। दोनों प्रतियोगिताओं के फाइनल रविवार को होंगे, क्योंकि पेरिस ओलंपिक के शेड्यूल के अनुसार फाइनल क्वालिफिकेशन के एक दिन बाद होंगे।पिछले महीने दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में ओएसटी 1 और 2 का आयोजन किया गया था। प्रत्येक स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज, चार में से तीन ट्रायल स्कोर के औसत के आधार पर, जुलाई में पेरिस के लिए उड़ान भरने के लिए पोल पोजीशन में होंगे। प्रत्येक स्पर्धा में चुने गए पांच में से किसी भी निशानेबाज ने अभी तक अपनी पोजीशन पक्की नहीं की है और सभी 37 को पेरिस में अपनी जगह पक्की करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।केवल तीन निशानेबाज, ओलंपियन मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान महिला पिस्टल स्पर्धा और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में प्रतिस्पर्धा में हैं। पुरुषों के आरएफपी में पसंदीदा में अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू हैं, जिन्हें न केवल कोटा विजेता होने का फायदा है, बल्कि पहले दो ट्रायल में भी उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। महिलाओं के पिस्टल स्पर्धा में, मनु भाकर और ईशा सिंह पहले दो ट्रायल के आधार पर बढ़त हासिल करती दिख रही हैं। ट्रायल में स्थानीय स्तर पर काफी दिलचस्पी है क्योंकि ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आशी चौकसे क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) में ओलंपिक स्थान के लिए अपनी लड़ाई को फिर से शुरू कर रहे हैं। आशी वर्तमान में पांच खिलाड़ियों के समूह में सबसे आगे हैं और डीम्ड कोटा धारक होने के कारण बोनस अंक और दिल्ली में प्राप्त अतिरिक्त पोडियम अंकों के साथ, कट बनाने के लिए पसंदीदा दिख रही हैं। टोक्यो ओलंपियन ऐश्वर्य लगातार दूसरे ओलंपिक के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन दिल्ली ट्रायल के दूसरे दौर में 595 का उच्चतम क्वालीफिकेशन स्कोर हासिल करने के बावजूद, उन्हें अभी बहुत कुछ और करना है।

# बृजभूषण पर आरोप तय, साक्षी बोलीं- यह महिला पहलवानों के लिए बड़ी जीत है

नई दिल्ली। स्टार पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने पूर्व डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप तय करने के दिल्ली की अदालत के फैसले का स्वागत किया और इसे देश की महिला पहलवानों के लिए एक बड़ी जीत बताया।

दिल्ली की एक अदालत ने छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ मामले में धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल), 354 ए (यौन उत्पीड़न), 354 डी (पीछा करना) और भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले बजरंग ने 'एक्स' पर लिखा, %बृजभूषण पर आरोप तय हो गये हैं। माननीय अदालत का धन्यवाद।% उन्होंने लिखा- महिला पहलवानों के संघर्ष की बहुत बड़ी जीत है। देश की बेटियों को इतने कठिन समय से गुजरना पड़ा है, पर यह फ़ैसला राहत देगा। जिन लोगों ने महिला पहलवानों को ट्रोल किया था उनको भी शर्म आनी चाहिए। सत्यमेव जयते। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- माननीय न्यायालय ने बृज भूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय किए हैं। हम माननीय अदालत का धन्यवाद करते हैं। हाल ही में खेल से संन्यास लेने वाली साक्षी ने कहा- हमें कई रात गर्मी बारिश में सड़क पर सोना पड़ा, अपना अच्छा खासा करियर त्यागना पड़ा, तब जाके आज न्याय की लड़ाई में कुछ कदम आगे बढ़ पाएं हैं।

उन्होंने कहा- जिन लोगों ने प्यार और आशीर्वाद दिया उनका दिल से आभार और जिन्होंने 'ट्रॉलिंग' और घटिया बातें की, भगवान उनका भी भला करे। भारत माता की जय। साक्षी, बजरंग और विनेश फोगाट की तिकड़ी लगभग एक साल तक राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर पिछले साल लंबे समय तक चले विरोध प्रदर्शन के प्रमुख चेहरे थे।

दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ मामले में 15 जून को धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल), 354 ए (यौन उत्पीड़न), 354 डी (पीछा करना) और भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप पत्र दायर किया था। अदालत 21 मई को औपचारिक रूप से आरोप तय करेगी।

# भारतीय टीम में वापसी पर खलील अहमद ने कहा- मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा होगा

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के तेज गेंदबाज खलील अहमद आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की रिजर्व सूची में शामिल होने से खुश हैं। उन्होंने आईपीएल के मौजूदा संस्करण में अब तक 12 मैचों में 14 विकेट लिए हैं।बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जिन्होंने आखिरी बार दिसंबर 2019 में भारत के लिए खेला था, ने राष्ट्रीय टीम में वापसी की है और आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए स्टैंडबाय के रूप में जगह बनाई है।खलील ने डीसी पॉडकास्ट के एपिसोड 3 (सीजन 4) के दौरान अपने दिल की बात कही। उन्होंने भारतीय टीम में वापसी करने के अपने सफर के बारे में विस्तार से बात की और मौजूदा आईपीएल सीजन में हाई-स्कोरिंग मैचों पर अपने विचार साझा किए।

खलील ने डीसी पॉडकास्ट पर कहा, पिछले कुछ महीने जिस तरह से गुजरे और जिस तरह से आईपीएल की शुरुआत हुई, मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा होगा। जैसे-जैसे आईपीएल मैच आगे बढ़े, मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया। मुझे एहसास हुआ कि मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूं और यह हमेशा एक कदम आगे बढ़ने के बारे में था। आखिरकार, जब टी-20 विश्व कप के लिए टीम में स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में नाम आया, तो मैं बहुत खुश था और यह मेरे लिए एक कदम आगे है। अपनी चुनौतीपूर्ण यात्रा के बारे में डीसी पेसर ने कहा, वर्ष 2019 की बात है। हर दिन, मेरे दिमाग में, देश के लिए खेलने की भावना की कमी खलती थी। जब भी मैं भारत को खेलते देखता था, तो मैं कल्पना करता था कि अगर मैं टीम में होता तो क्या करता। इसलिए, हर दिन एक लड़ाई की तरह था और इस तरह की बातें मेरे दिमाग में चल रही थीं।खलील ने 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और 8.82 की इकॉनमी के साथ 13 विकेट लिए हैं। डीसी पेसर ने अपने रास्ते में मानसिक दृढ़ता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चूंकि क्रिकेट हमेशा से उनका जीवन रहा है, इसलिए उन्होंने इसके लिए दिन-रात संघर्ष किया। उन्होंने कहा, पिछले आईपीएल के बाद, मैंने केवल एक सप्ताह का ब्रेक लिया और इस यात्रा पर निकल पड़ा। मैंने सुनिश्चित किया कि मैं सभी घरेलू मैच खेलूं। एक तेज गेंदबाज के रूप में यह कठिन है, लेकिन मैंने मन बना लिया कि चाहे मेरे साथ कुछ भी हो, मैं सभी मैच खेलूंगा।वमैंने पिछले साल खुद को मानसिक रूप से आगे बढ़ाया और इसके साथ आगे बढ़ा। मानसिक रूप से, आपको बस इसके लिए लड़ना है, दिन, रात या किसी भी समय, क्योंकि मेरा जीवन हमेशा क्रिकेट के बारे में रहा है। मेरे विचार केवल क्रिकेट के बारे में रहे हैं, मुझे इसके अलावा कुछ भी परेशान नहीं करता है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि तेज गेंदबाजों के लिए यह सबसे अच्छा पल है। अगर कोई गेंदबाज ऐसी मुश्किल परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करता है, तो उसे किंग माना जाएगा और मैं वह किंग बनना चाहता हूं। इसलिए, मौजूदा परिदृश्य के बारे में मेरी मानसिकता यही रही है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल 2024 के अपने अगले मैच में रविवार को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी।

# पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने बयां किया दिल का हाल

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की महिला 4×400 मीटर रिले टीम ने क्वालिफाई कर लिया। रूपल चौधरी, ज्योतिका दांडी श्री, प्राची और पुरुषों में राजीव अरोकिया ने क्वालिफाई कर लिया। इन चारों ने बहामास के नासाउ में विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी-अपनी क्वालिफाइंग हीट (शुरुआती दौर की रेस) में दूसरे स्थान पर रहते हुए ओलंपिक में जगह बनाई।

रूपल चौधरी ने कहा, ÷ओलंपिक में क्वालीफाई करना एक शानदार एहसास है, हम सभी को बहुत गर्व है। शुरुआत में (क्वालीफायर की) मैं काफी घबराई हुई थी लेकिन सब कुछ ठीक रहा। अब हमारा ध्यान ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करने पर है। ज्योतिका श्री दांडी ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि पुरुष और महिला दोनों टीमों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मैं टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। प्राची ने कहा, हमने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है, हम बहुत खुश हैं। मैं सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया को धन्यवाद देना चाहती हूं। स्थिति के अनुकूल ढलने के लिए हमें एक महीने पहले बहामास ले जाया जा रहा है क्योंकि समय में 8-9 घंटे का अंतर है।

# कॉर्पोरेट प्रायोजक खेलों के लिए आवश्यक : आर. प्रज्ञानानंद




एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंड मास्टर आर. प्रज्ञानानंद, जिन्होंने हाल ही में पहली बार फिडे कैंडिडेट्स में भाग लिया था, वर्तमान में पोलैंड में रैपिड और ब्लिट्ज़ टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। प्रज्ञानानंद का आगे का समय काफी व्यस्त है, शुरुआत ग्रैंड शतरंज टूर से शुरु हो रही है, यह टूर मई में पोलैंड में रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट से शुरू हो रहा है। फिर 24 जून से 6 जुलाई तक सुपरबेट रोमानिया क्लासिकल टूर्नामेंट है। अगस्त में सेंट लुइस रैपिड और ब्लिट्ज के बाद सिंकफील्ड कप होगा, जो एक क्लासिकल टूर्नामेंट है।18 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को अदानी स्पोर्ट्स लाइन के हवाले से कहा, यह मेरा पहला मौका होगा, इसलिए मैं बहुत उत्साहित हूं। इसके अलावा, मैं मई में नॉर्वे शतरंज और स्विट्जरलैंड में रियल मास्टर्स भी खेलूंगा।

उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा तभी सफल हो सकती है जब उनके साथ एक मजबूत समर्थन प्रणाली हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रशिक्षण आसान नहीं है। उनके और उनके परिवार के लिए राहत की बात यह है कि अदानी समूह उनके लिए आर्थिक ताकत का एक स्तंभ बन गया। उन्होंने कहा, अदानी समूह अद्भुत रहा है। शतरंज का प्रशिक्षण आसान और सस्ता लग सकता है, लेकिन यह बहुत महंगा खेल है क्योंकि इसमें बहुत सारी यात्राएं और सामान लगते हैं। इसलिए मैं समर्थन के लिए आभारी हूं। प्रशिक्षण शिविरों में बहुत खर्च होता है। अदानी समूह का शुक्रिया, हमें इसके बारे में बहुत अधिक चिंता करने की ज़रूरत नहीं है, और मैं शतरंज खेलने पर ध्यान केंद्रित कर सकता हूं।उन्होंने कहा, अदानी समूह के बिना, शीर्ष-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लेना मुश्किल हो सकता था क्योंकि वे काफी महंगे हो सकते हैं। मेरे माता-पिता मेरे पहले प्रायोजक मिलने से पहले वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे थे। यह मुश्किल था क्योंकि मेरी बहन भी खेलती थी और यात्रा करती थी। यही कारण है कि अदानी समूह जैसे कॉर्पोरेट प्रायोजक खेलों के लिए आवश्यक हैं। एक किशोर के लिए उच्चतम स्तरों पर शतरंज खेलने की कठोरता को बनाए रखना एक कठिन काम है। तीन महीने के दौरे और टूर्नामेंट के लिए तैयार होने के दौरान, प्रज्ञानानंद ने शारीरिक और मानसिक चीजों के बारे में बताया, जो उन्हें प्रदर्शन करने में मदद करता है। उन्होंने कहा, कुछ चीजें हैं जो बड़े टूर्नामेंटों की तैयारी में शामिल हैं, तकनीकी पहलू से शुरू होती हैं। आपको शुरुआती विचारों के साथ तैयार रहना चाहिए। इसके अलावा आपका दिमाग गणना करने और अच्छा खेलने के लिए भी तैयार होना चाहिए। उन्होंने कहा, आपको लंबे टूर्नामेंट के लिए तैयार रहना होगा क्योंकि 14 गेम खेलना आसान नहीं है। पूरे टूर्नामेंट में ध्यान केंद्रित रखना एक ऐसी चीज है जिस पर हम काम कर रहे हैं। साथ ही, 14 गेम बहुत थकाने वाले होते हैं। शारीरिक पहलू तब आता है जब आप 5-6 घंटे तक एक गेम खेलते हैं। अगर आप पूरे टूर्नामेंट के लिए ऐसा करते हैं, तो जाहिर है कि ध्यान केंद्रित करना बहुत थका देने वाला होगा।

# डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 का तीसरा सीजन 11 जनवरी 2025 से, 9 फरवरी को होगा समापन




एजेंसी

दुबई। डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 का सीजन 3 शनिवार, 11 जनवरी 2025 से शुरू होगा। 34 मैचों का यह टूर्नामेंट एक महीने तक चलेगा, जिसका फाइनल रविवार, 9 फरवरी 2025 को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का दूसरा सीज़न (2024) काफी सफल रहा था, जिसका समापन 17 फरवरी 2024 को हुआ था। दूसरे सीज़न का खिताब एमआई एमिरेट्स ने जीता था।

सीज़न 2 के प्रसारण की संख्या में काफ़ी वृद्धि हुई, जिसमें टूर्नामेंट के प्रसारण अधिकार धारकों ज़ी नेटवर्क के रैखिक और ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म और विभिन्न क्षेत्रों में उनके प्रसारण सिंडिकेशन भागीदारों के माध्यम से दुनिया भर से कुल 348 मिलियन अद्वितीय दर्शक शामिल हुए।

सीज़न 2 में भी तीन टूर्नामेंट स्थलों अबू धाबी, दुबई और शारजाह में दर्शकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, जो कि सीजन 1 की तुलना में लगभग 300त्न की संचयी वृद्धि थी। सीजन 3 एक बार फिर इन्ही तीनों स्टेडियमों में खेला जाएगा।

डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के सीईओ डेविड व्हाइट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 सीजन 3 के लिए विंडो की पुष्टि करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हमारे हितधारकों के साथ चर्चा के बाद विंडो को अंतिम रूप दिया गया है। हमने लीग को और भी बड़ा और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सीजन 3 के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने कहा, सीजन 2 सभी प्रासंगिक मापदंडों के संदर्भ में एक बड़ी सफलता थी और इसने लीग की प्रतिष्ठा को और मजबूत करने में मदद की, जिससे यह दुनिया भर के खिलाड़ियों, प्रशंसकों और प्रसारकों के लिए सबसे अधिक मांग वाली टी20 लीग में से एक बन गई। सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद, सीजन 3 के लिए जनवरी-फरवरी की विंडो सबसे उपयुक्त साबित हुई है। डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 यूएई के खिलाड़ियों के विकास के लिए भी एक सफल मंच साबित हो रहा है, जैसा कि ओमान में एसीसी प्रीमियर कप में उनके हालिया शानदार प्रदर्शन से देखा जा सकता है, जिसने उन्हें आठ साल में पहली बार प्रतिष्ठित एशिया कप (2025, टी20 प्रारूप) के लिए अर्हता प्राप्त करने में मदद की। ओमान में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अधिकांश खिलाड़ियों ने सीजन 2 में अमूल्य अनुभव प्राप्त किया था।

# मेरे लिए खेल और बल्लेबाजी की गुणवत्ता रनों से ज्यादा मायने रखती है: विराट कोहली

एजेंसी

धर्मशाला। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ 92 रनों की धमाकेदार पारी खेल अपनी टीम को 60 रनों से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि अपने करियर के इस पड़ाव पर, उनके खेल और बल्लेबाजी की गुणवत्ता उनके रनों से ज्यादा मायने रखती है। रिले रोसो (61) के शानदार अर्धशतक के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 181 रनों पर समेट दिया और 60 रनों से जीत हासिल की। मैच के बाद विराट ने कहा, अभी भी मात्रा से ज़्यादा गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाता है। मेरे करियर के इस चरण में तो और भी ज़्यादा। इतने सालों में अपने खेल को समझने से आपको अभ्यास करने का मौका मिलता है, लेकिन फिर भी आप खेल पर ध्यान केंद्रित रख सकते हैं। अभी भी अपने खेल के उन पहलुओं को बेहतर बनाने का लक्ष्य बना रहे हैं, जिनमें आप बेहतर होना चाहते हैं। मैंने स्पिनरों के लिए स्लॉग-स्वीप का इस्तेमाल किया। मुझे पता है कि मैं इसे हिट कर सकता हूँ, जैसा कि मैंने पहले भी किया है। मुझे पता है कि मुझे जोखिम उठाने की ज़रूरत है, अगर मैं आउट हो गया तो क्या होगा?% इस विचार को दूर करने के लिए अधिक दृढ़ विश्वास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मैं अपने और टीम के लिए स्ट्राइक रेट बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं। टूर्नामेंट में आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका खुद के साथ ईमानदार होना है। हम लगातार हार रहे थे, हमने ईमानदारी से बात की। हमें अपने खेल को बेहतर बनाने की जरूरत थी। केकेआर के खिलाफ वह मैच निर्णायक था। हम अपने आत्मसम्मान के लिए खेलना चाहते थे। हम मैदान पर जाकर इस तरह से नहीं खेल सकते कि अपने प्रशंसकों को निराश करें। आत्मविश्वास वापस आ गया है और हम लय में हैं। हमें प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के लिए कई अन्य कारकों पर निर्भर रहना होगा। मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पंजाब ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। कप्तान फाफ डु प्लेसिस (9) और विल जैक्स (12) के जल्दी आउट होने के बाद, विराट (92) और रजत पाटीदार (55) ने 76 रनों की साझेदारी करके आरसीबी की पारी को संभाला और स्ट्राइक रेट को ऊंचा रखा। इसके बाद, कैमरून ग्रीन (46) की शानदार पारी और विराट के साथ उनकी 92 रनों की साझेदारी ने आरसीबी को 20 ओवर में 7 विकेट पर 241 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। पंजाब के लिए हर्षल पटेल ने 3 और विद्वाथ कवरप्पा ने 2 विकेट लिये। पंजाब के लिए 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, रिले रोसो (61), शशांक सिंह (37) और जॉनी बेयरस्टो (27) खतरनाक दिखे, लेकिन महत्वपूर्ण चरणों में अपने विकेट गंवा बैठे।

# राकेश भारद्वाज चौक: आदर्श रसोई ने मनाया संरक्षक सुरेंद्र त्यागी का जन्मदिन

## धूमधाम से मनाया गया सुरेंद्र त्यागी का जन्मदिन, पदाधिकारियों में दिखा गजब का उत्साह









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई ने अपने तीसरे साल के छठे रविवार का सफर भी पूरा कर लिया है। इस मौके पर सभी लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। इस विशेष मौके पर आदर्श रसोई के संरक्षक और प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र त्यागी का धूमधाम से जन्मदिन मनाया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।







### रिबन काटकर सुरेंद्र त्यागी परिवार ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ

आदर्श रसोई ने सुरेंद्र त्यागी का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से त्यागी परिवार ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस विशेष मौके पर दोनों परिवार मौजूद रहे।

### त्यागी परिवार का हुआ भव्य स्वागत, मालाएँ पहनाकर किया गया

### अभिनंदन

सुरेंद्र त्यागी के जन्मदिन के मौके पर पूरा परिवार मौजूद रहा जिनका आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। सुरेंद्र त्यागी के व्यक्तित्व और जीवन पर भी प्रकाश डाला गया और त्यागी परिवार के द्वारा समाज के प्रति किए गए कार्यों का सबके सामने रखा। संस्था के अन्य सदस्यों ने भी अपने अपने विचार रखे। हर कोई उनके के मृदभाषी, मिलनसार स्वाभाव की बात करता है।


### आदर्श रसोई का सहभागी होने पर गर्व है : सुरेंद्र त्यागी

इस विशेष मौके पर सुरेंद्र त्यागी ने कहा कि आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। भारद्वाज परिवार से त्यागी परिवार का दशकों पुराना रिश्ता है, जो समय के साथ प्रगाढ़ होता गया। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं। मैं भी पिछले तीन वर्ष से इस रसोई के साथ जुड़ा हुआ हूँ। मुझे खुशी है कि मैं भी रसोई के सहभागी के रूप में अपना योगदान देता हूँ।


### ईश्वर का सदैव आशीर्वाद बना रहे: सुरेंद्र त्यागी

श्री त्यागी ने कहा कि देखते ही देखते आदर्श रसोई ने कई आयाम स्थापित कर लिए हैं। समाज का भी हमें भरपूर सहयोग मिला है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। तभी जाकर आज हम सभी मिलकर आदर्श रसोई के 100वें रविवार को सेलिब्रेट कर चुके हैं। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।





















# मोदी सरकार ने आतंकवाद पर किया प्रहार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**वोट की अपील**

▸▸ दंगाइयों का किया जाता था महिमामंडन', राम मंदिर पर उंगली उठाने वाले मस्जिद पर क्यों रहते हैं मौन: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**कन्नौज/ कानपुर/ उन्नाव:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन शनिवार को कन्नौज, कानपुर व उन्नाव में जनसभा की। मुख्यमंत्री ने तीनों सीट पर क्रमशः सुब्रत पाठक, रमेश अवस्थी, साक्षी महाराज तथा अकबरपुर से देवेंद्र सिंह 'भोले' को कमल के फूल पर विजयश्री दिलाने की अपील की। सीएम योगी ने सपा-कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार किया। कन्नौज में अखिलेश यादव को खूब खरी सुनाई। बोले कि इंडी गठबंधन को यहां प्रत्याशी नहीं मिल रहा था, इसलिए वे चुनाव लड़ रहे हैं। पहले को टिकट दिया, फिर उसका टिकट काट दिया। दूसरे को दिया तो वह मैदान छोड़कर भाग गया। तीसरे की घोषणा की तो वह मना कर दिया। जब कोई नहीं मिला तो सपा अध्यक्ष कह रहे हैं कि सेवा करना चाहता हूं। इनके पास जब मौका था, तब कन्नौज की इत्र में बदबू फैलाने का काम कर रहे थे। यह मुख्यमंत्री आवास बुलाकर दंगाइयों का महिमामंडन करते थे।

**घर-घर जाकर कहिए कि हमें रामभक्त चाहिए:** कन्नौज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन से आह्वान किया कि घर-घर जाकर कहिए कि हमें रामभक्त चाहिए, रामद्रोही नहीं। सीएम ने कहा कि भाजपा ने कहा था कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे। तब सपा के लोग रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे।

इनके समय में अयोध्या में आतंकी हमला हुआ था। यह लोग आतंकियों के मुकदमे वापस लेते थे। कांग्रेस ने देश और सपा ने यूपी की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया। यह फिर मिलकर जोर आजमाइश करना चाहते हैं।

# सीएम नीतीश ने इंडी एलायंस के नाम का किया था विरोध: संजय

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** जनता दल यूनाईटेड के राज्यसभा सांसद संजय झा ने इंडी गठबंधन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का नाम ही गलत है। सीएम नीतीश कुमार ने मीटिंग में पूरा विरोध किया था यह इंडिया गठबंधन क्या है? जब यह नाम दिया जा रहा था। अब तो उनके छठे प्रधानमंत्री के दावेदार (अरविंद केजरीवाल) भी जेल से निकल गए। दिल्ली वाले मुख्यमंत्री जेल से बाहर निकल गए हैं। अभी तक पांच पीएम के दावेदार थे। अब छठे पीएम दावेदार है। उनलोगों को आपस में सेटल करने दीजिए। उन्हें चुनाव प्रचार के लिए निकाला गया है। शराब कांड में उनको जेल भेजा गया था। कोर्ट ने उनको बेल दिया है। उसके बाद फिर वह जेल चले जाएंगे। विपक्षी पीएम मोदी की बिहार यात्रा पर बोलते रहे हैं। प्रधानमंत्री इसलिए आते हैं कि उनका सब जगह से डिमांड है।

**आदेश** सुप्रीम कोर्ट ने रोक की याचिका को किया खारिज; अतिक्रमण को ध्वस्त करने का आदेश जारी

# अकबरनगर में गरजेगा बुलडोजर, याचिका खारिज



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** कुकरैल नदी पर कब्जा करके अवैध रूप से बसाए गए अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के निर्माण को ध्वस्त करने पर रोक लगाने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एलडीए को सभी विस्थापितों को वैकल्पिक आवास आवंटित करने के साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के ध्वस्तीकरण आदेश को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल अकबरनगर ही नहीं, अस्ती गांव के उदगम स्थल से गोमती नदी में विलय तक कुकरैल नदी पर हुए अवैध निर्माण को भी चिह्नित कर उसे ध्वस्त करने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के समय एलडीए उपाध्यक्ष डा. इंद्रमणि त्रिपाठी और अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा भी वहां उपस्थित थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एलडीए ने आवेदन करने वाले पात्रों का चयन कर 20 मई तक बसंत कुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने की तैयारी शुरू कर दी। कुकरैल नदी का प्रवाह 28 किलोमीटर का है। यह नदी अस्ती गांव की प्राकृतिक झील से आरंभ होकर वन क्षेत्र से गुजरते हुए गोमती नदी में मिलती है। दैनिक जागरण ने कुकरैल नदी पर हुए कब्जों को लेकर पिछले साल सिलसिलेवार अभियान चलाकर खबरें प्रकाशित की थी। दैनिक जागरण की खबरों का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुकरैल नदी के जीर्णोद्धार के लिए शासन स्तर पर एक उच्च स्तरीय समिति गठित की थी। इस समिति ने सर्वे करके अपनी रिपोर्ट में बताया कि कुकरैल एक जीवित नदी है। इसका अधिकतम फ्लो 1700 क्यूसेक और न्यूनतम 120 क्यूसेक जल कुकरैल नदी में रहता है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद साबरमती रिवर फ्रंट की तरह कुकरैल नदी के सुंदरीकरण के लिए विशेषज्ञों की टीम बनाई गई। इस टीम ने साबरमती रिवर फ्रंट का निरीक्षण किया है।

